

RNI No. CHHHIN/2009/35020

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी



◆ वर्षः -14 ◆ अंकः 265 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, बुधवार 3 अगस्त 2022

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -3 पर
कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आम लोगों की समस्याएं

भूपेश सरकार किसानों के साथ भेदभाव की राजनीति कर रही– सांसद गोमती
पेज -7 पर


छत्तीसगढ़ में कोरोना के 595 नए मरीज मिले, 3 की मौत

## महासमुंद के नवोदय विद्यालय में 54 स्टूडेंट्स पॉजिटिव

रायपुर। छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण की बढ़ती रफ्तार ने राज्य सरकार की चिंता बढ़ा दी है। मंगलवार को प्रदेश में 595 नए मरीज मिले हैं। इसके साथ ही एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 3360 पहुंच गई है। सबसे ज्यादा 652 रायपुर व 435 एक्टिव केस दुर्ग जिले में हैं।



कोरोना से रायपुर, दुर्ग और रायगढ़ जिले में 1-1 मरीज की मौत भी हुई है। महासमुंद जिले के सरायपाली जवाहर नवोदय विद्यालय में एक साथ कोरोना के 56 केस मिलने के बाद हड़कंप मच गया है। इन संक्रमितों में 2 स्टाफ के साथ 54 स्टूडेंट्स हैं।

राज्य कंट्रोल एंड कमांड सेंटर के मुताबिक मंगलवार को 11 हजार 607 सैंपलों की जांच की गई, जिसमें 595 नए संक्रमित मिले हैं। रायपुर में जिले में सबसे ज्यादा 135 मरीजों की पुष्टि हुई है। पिछले 24 घंटे में 690 लोगों ने होम आइसोलेशन पूरा किया है। वहीं 23 लोग हॉस्पिटल से डिस्चार्ज हुए हैं। प्रदेश में पॉजिटिविटी दर 5.13 प्रतिशत है। छत्तीसगढ़ में कोरोना से अब तक 14 हजार 70 लोगों की जान जा चुकी है। वहीं अब तक 11 लाख 67 हजार 16 लोग संक्रमित हो चुके हैं। पूरे प्रदेश में दुर्ग, रायपुर व राजनांदगांव जिले में सबसे ज्यादा मरीज मिल रहे हैं।

### प्रदेश के इन जिलों में मिले कोरोना के मरीज

24 घंटे में प्रदेश के 26 जिलों में कोरोना के 595 नए मरीज मिले हैं। रायपुर जिले में 135, राजनांदगांव में 67, दुर्ग में 54, धमतरी में 50, बालोद में 49, महासमुंद में 30, रायगढ़ में 29, सरगुजा में 23, कोरबा में 18, बलौदाबाजार में 17, कांकेर में 16, जांजगीर-चांपा व बस्तर में 15-15, बिलासपुर में 14, बेमेतरा में 11, कोरिया, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में 10-10, बलरामपुर व जशपुर में 8-8, कबीरधाम में 4, गरियाबंद व सूरजपुर में 3-3, नारायणपुर, दंतेवाड़ा व मुंगेली में 1-1 मरीज मिले हैं। राज्य नोडल अधिकारी डॉ. सुभाष मिश्रा ने कहा कि सावधानी जरूरी है। सभी कोविड गाइडलाइंस का पालन करें।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में 56 लोग संक्रमित

महासमुंद जिले के सरायपाली स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में एक साथ कोरोना के 56 नए केस मिले हैं। इन संक्रमितों में 2 स्टाफ के साथ 54 स्टूडेंट्स हैं। स्कूल परिसर में ही आइसोलेशन वार्ड बना दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम की निगरानी में बच्चे रखे गए हैं। एक साथ बड़ी संख्या में संक्रमितों की पुष्टि होने के बाद हड़कंप मच गया। स्कूल के प्रिंसिपल प्रशांत रहाटे ने बताया कि सोमवार को विद्यालय में 273 लोगों की कोरोना जांच की गई थी, जिसमें 56 संक्रमितों की पुष्टि मंगलवार को 4 बजे तक हो पाई है। स्कूल के किचन में कार्य करने वाले और एक वार्डन भी संक्रमित हुए हैं।

## राज्यपाल छत्तीसगढ़ सर्व सेन समाज के महिला महा सम्मेलन में हुई शामिल

**रायपुर।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके आज छत्तीसगढ़ सर्व सेन समाज महिला विंग द्वारा आयोजित महासम्मेलन में शामिल हुई। राज्यपाल सह अतिथियों द्वारा समाज के आराध्य श्री सेन जी महाराज के छायाचित्र पर पुष्पार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया गया। तत्पश्चात राज्यपाल ने सम्मेलन में उत्कृष्ट कार्य हेतु सेन समाज की महिलाओं और बालिकाओं को सम्मानित कर उन्हें शुभकामनाएं दी। राज्यपाल सुश्री उइके ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सेन समाज की बेटियों ने अपने प्रतिभा के दम पर सभी क्षेत्रों में ऊंचा मुकाम हासिल किया है। किसी समाज के लिए इससे अच्छी बात क्या होगी कि बेटियों की तरक्की के साथ समाज आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि जब किसी समाज के लोग उल्लेखनीय कार्य करते हैं तो अन्य लोगों को भी उससे प्रेरणा मिलती है।






## एक नजर

### मुख्यमंत्री ने राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की जयंती पर उन्हें किया नमन



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की 3 अगस्त को जयंती पर उन्हें नमन किया है। श्री बघेल ने उनकी कृतियों को याद करते हुए कहा कि गुप्त जी का काव्य जन-जागरण और नैतिक चेतना से ओतप्रोत था। राष्ट्रीय और सामाजिक चेतना से ओतप्रोत खड़ी बोली की उनकी रचनाओं ने बड़े वर्ग पर प्रभाव डाला। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान उनकी रचनाओं के प्रभाव को देखते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने उन्हें राष्ट्रकवि की उपाधि दी थी।

### चाइल्ड पोर्नोग्राफी मामलों के 11 गिरफ्तार

**रायपुर ।** रायपुर पुलिस ने चाइल्ड पार्नोग्राफी मामलें में मोबाईल पर अश्लील विडियो अपलोड करने वाले 11 लोगों को गिरफ़्तार कर उनके खिलाफ कार्यवाही की है।मिली जानकारी के अनुसार पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर से मोबाईल नम्बरों के अज्ञात धारकों द्वारा बच्चों से संबंधित अश्लील विडियो अपलोड कर प्रसारित करने के प्रकरण जांच हेतु एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट रायपुर को प्राप्त हुए थे तथा प्रकरणों में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया था।

## सड़क हादसे में पिता-पुत्र की मौत

**बालोद ।** बालोद जिले में मंगलवार को अपने पुत्र को स्कूल से वापस लेकर आ रहे बाईक सवार को ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में पिता और पुत्र दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची बालोद पुलिस ने पंचनामा कर शवों को पोस्टमार्टम केलिए भिजवा दिया। मिली जानकारी के अनुसार मालीघोरी निवासी लोकेश तिवारी मधु चौक स्थित ड्रीम इंडिया स्कूल में केजी वन की पढ़ाई करने वाल अपने 5 साल के पुत्र दक्ष तिवारी को लेकर स्कूल से वापस अपनी मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक सीजी 04 जेडी 5485 ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर से बेटे और पिता को गंभीर चोट आई और दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद से आरोपी ड्राइवर ट्रक छोड़कर फरार हो गया, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

## छत्तीसगढ़ की नई तबादला नीति तैयार

**राज्य स्तर के तबादले विभागीय मंत्री करेंगे,3 साल से लगी थी रोक,मंत्रियों की उप समिति ने सीएम को भेजी सिफारिश**

रायपुर। छत्तीसगढ़ की नई तबादला नीति तैयार हो गई है। इसमें ट्रांसफर 16 अगस्त से 15 सितंबर तक करने का फैसला किया गया है। जिला स्तर के तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के स्थानांतरण प्रभारी मंत्री के अनुमोदन से कलेक्टर करेंगे।



बिना प्रभारी मंत्री की सहमति से तबादले नहीं किए जा सकेंगे। तबादले उन्हीं के होंगे जो 15 अगस्त 2021 या उससे पहले से वहां कार्यरत हैं। राज्यस्तरीय तबादले 16 सितंबर से 30 सितंबर तक होंगे।

नई नीति में वरिष्ठ अधिकारी का प्रभार किसी कनिष्ठ को देने पर रोक लगाई गई है। आदिवासी इलाकों में अब भी बरसों से फंसे अधिकारियों - कर्मचारियों के स्थानांतरण की संभावना नई नीति में कम नजर आ रही है क्योंकि एवजीदार के आने के बाद ही उन्हें कार्यमुक्त किया जाएगा। प्रदेश में तीन सालों से स्थानांतरण पर बैन था। पिछले महीने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में केबिनेट की बैठक में तबादला नीति बनाने मंत्रिपरिषद की उपसमिति बनाई गई थी। समिति के अध्यक्ष गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, शिक्षामंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, आवास मंत्री मोहम्मद अकबर, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, व महिला व बाल विकास विभाग मंत्री अनिला भेंडिया ने बैठकें कर यह नीति बनाई है। इसी उप समिति ने दो बैठकों के बाद अपनी सिफारिश मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को भेज दी है। कलेक्टर यह तय करेंगे कि स्थानांतरण वाला पद जिला कॉडर का है तथा तबादला करने का अधिकार जिला स्तर पर ही है। स्थानांतरण के प्रस्ताव संबंधित विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी कलेक्टर के माध्यम से प्रभारी मंत्री को पेश करेंगे। प्रभारी मंत्री का अनुमोदन होने पर कलेक्टर आदेश जारी करेंगे।

### पदों में संतुलन बनाने की कोशिश

*तृतीय श्रेणी के कर्मचारियों के के मामलों में काम करने वाले कुल कर्मचारियों की संख्या का अधिकतम दस फीसदी ही स्थानांतरण किया जा सकेगा। यह भी ध्यान रखा जाएगा कि आदिवासी इलाकों में पदस्थ कर्मचारी का मैदानी में तबादला किया जा रहा है तो उसके जगह जाने वाले कर्मचारी का जो मैदानी इलाके से वहां जा रहा है आवेदन हो।*

## मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ की पहली महिला लेफ्टिनेंट बनने पर सुश्री वंशिका पांडे को दी बधाई

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने भारतीय थल सेना में छत्तीसगढ़ की पहली महिला लेफ्टिनेंट बनने पर सुश्री वंशिका पांडे को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया ने भी सुश्री वंशिका पांडे को बधाई और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा है कि वंशिका बिटिया ने अपने माता-पिता सहित पूरे प्रदेश का मान बढ़ाया है। उनकी यह सफलता प्रदेश की लाखों युवतियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के राजनांदगांव में पली-बढ़ी वंशिका पांडे को विगत 30 जुलाई को चेन्नई स्थित प्रशिक्षण अकादमी की पासिंग आउट परेड में लेफ्टिनेंट की पदवी से विभूषित किया गया है।



## हाथियों ने किसान को कुचलकर मार डाला

**खेत में फसल देखने गया था, बाइक सवारों ने छत पर चढ़कर बचाई जान**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। बालोद जिले के ग्राम मुल्ले में हाथियों ने एक किसान को सूंड से उठाकर पटक दिया और पैरों से कुचलकर मार डाला। गांव के करीब हाथियों का झुंड पहुंचने से दहशत है। सूचना पर वन विभाग की टीम गांव पहुंची। हाथियों की निगरानी के लिए वन कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है और उनकी मौजूदगी वाले स्थानों दूर रहने मुनादी कराई गई है। हाथियों की दहशत से लोग छतों में रहने मजबूर हैं।



मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम मुल्ले एक दंतैल हाथी ने किसान रामजी सिंगरामे (47 वर्ष) को कुचल कर मार डाला है। किसान खेत की ओर फसल देखने गया था, तभी हाथियों से उसका सामना हो गया। वह अपनी जान बचाने भागा, लेकिन हाथी ने उसे पकड़ लिया और पैरों से कूचल दिया। इसके बाद हाथी गांव की ओर भी घुस गए, जिससे ग्रामीणों में दहशत है। हाथियों से बचने ग्रामीणों ने छतों में पनाह लिया है। घटना की सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम गांव पहुंची है। गांव के उप सरपंच पुनीत राम सेवता ने बताया कि हाथियों की वजह से दहशत है। हाथी गांव में घुस आया है।

## मुख्यमंत्री से महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के प्रतिनिधिमंडल ने की सौजन्य मुलाकात

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल से संसदीय सचिव श्री विनोद चंद्राकर के नेतृत्व में आज शाम उनके निवास कार्यालय परिसर में महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने सौजन्य मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने महासमुंद में 100 सीटों का मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति मिलने पर मुख्यमंत्री को गज माला पहना कर आभार व्यक्त किया।






मुख्यमंत्री ने नए मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति मिलने पर बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अब छत्तीसगढ़ में डॉक्टरों की कमी नहीं होगी। स्वास्थ्य सुविधाओं का भी विस्तार होगा। राज्य सरकार बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सतत प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना के समय केवल एक ही मेडिकल कॉलेज था। उसके बाद 2018 तक कुल 4 मेडिकल कॉलेज संचालित थे। लेकिन विगत साढ़े 3 वर्षों में राज्य सरकार ने 4 नए मेडिकल कॉलेज की शुरुआत की है। उन्होंने नाग पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए इस वर्ष खेती किसानी के लिए अनुकूल वर्षा और अच्छी खेती के लिए भी प्रार्थना की। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया, राज्यसभा की पूर्व सांसद श्रीमती छाया वर्मा सहित बड़ी संख्या में महासमुंद जिले के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

**प्रशिक्षण...** मास्टर ट्रेनर्स और पुनरीक्षण कार्य से जुड़े अधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

## निर्वाचन प्रक्रिया मे पेपरलेस की तरफ आगे बढ़ने की दिशा में करें कामः पी. दयानंद

रायपुर। छत्तीसगढ़ में आगामी विधानसभा और लोकसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य एक अगस्त से शुरू हो गया है। इसके लिए छत्तीसगढ़ निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों को दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया है।



प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए छत्तीसगढ़ के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री पी. दयानंद ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन प्रक्रिया में पेपरलेस की तरफ आगे बढ़ने की दिशा में काम किया जाए। उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम में अधिकारियों को निर्वाचक नामावली तैयार करने, आधार संकलन करने, नये मतदाताओं को ईपिक कार्ड बनवाने, नाम कटवाने, नाम सुधरवाने सहित मतदाताओं से आधार डाटा संग्रह कर मतदाता सूची के डाटा से जोड़ने, प्रमाणीकरण के लिए अधिनियम-नियमों एवं प्रपत्रों में संशोधन तथा मतदाताओं का नाम निर्धारित चार अर्हता तिथि में मतदाता सूची में जोड़ने के संबंध में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण राजधानी रायपुर के न्यू सर्किट हाऊस में सम्पन्न हुई। छत्तीसगढ़ की अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता फोटो पहचान पत्र को नए सुरक्षा मानकों के साथ जारी करने तथा फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी 2023 के लिए मतदाता पुनरीक्षण का कार्य शुरू हो गया है। नये मतदाताओं को नाम जुड़वाने के लिए चार अर्हता तिथि निर्धारित की गई है, इनमें 01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई और 04 अक्टूबर शामिल हैं।

**एक अगस्त से मतदाताओं से आधार संकलन का कार्य शुरू**

**ईपिक कार्ड के लिए नये मतदाता कर सकते हैं ऑनलाईन आवेदन**

## 16 लाख के इनामी कपल ने किया सरेंडर

**14 नक्सली हमलों में रहे शामिल; 175 जवान हुए थे शहीद**

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में मंगलवार को पुलिस के समक्ष एक माओवादी कपल ने समर्पण किया है। इन दोनों माओवादियों पर 8-8 लाख रुपये के इनाम घोषित किये गए थे। समर्पण करने वाले माओवादियों में पुरुष का नाम सलवम मुत्ता उर्फ सुक्कू व महिला माओवादी का नाम गंगी बताया जा रहा है। समर्पण के बाद दोनों माओवादियों से हुई पूछताछ व अन्य जानकारी के आधार पर पुलिस ने कई अहम जानकारियां उपलब्ध करवाई हैं। पुलिस के मुताबिक दोनों माओवादी समर्पण से पहले दक्षिण बस्तर के बटालियन नंबर 01 में सक्रिय थे। सुक्कू 16 वर्षों से व गंगी 10 वर्षों से संगठन में काम कर रहे हैं। साल 2009 से अब तक दोनों ने लगभग 14 अलग-अलग नक्सली हमले में अपनी भूमिका निभाई है। जिसमें कुल 175 जवान शहीद हो चुके हैं। इन घटनाओं में ताड़मेटला और टेकलगुड़ा जैसी घटनाएं भी शामिल हैं, जिसमें 76 और 22 जवान शहीद हुए थे।



# तिरंगे ने राष्ट्र को एकता के सूत्र में बांधा, सम्मान और गर्व की भावना का अमृत काल

आदि से वर्तमान तक ध्वज पताका या झंडे का इतिहास मिलता रहा है। चाहे वह धर्मग्रंथ हों या सिंधु घाटी व राखीगढ़ी सभ्यता की खुदाई से मिले अवशेष हों। इनमें झंडे का रूप, आकार और इतिहास मिलता रहा है। झंडे का वर्णन संजय ने महाभारत के शांति पर्व और द्रोण पर्व में किया, जिसमें कौरव-पांडव दोनों सेनाओं के ध्वजों का उल्लेख मिलता है। साथ ही अर्जुन के रथ पर ध्वज के साथ हमेशा विराजमान हनुमान जी साक्षात उदाहरण हैं।

युग कोई भी रहा हो, ध्वज के साक्षात प्रमाण हमें मिलते रहे हैं। उदाहरण के रूप में सतयुग में ब्रह्मा जी की हंस ध्वजा, त्रेता युग में भगवान राम की सूर्य ध्वजा, द्वापर युग में श्रीकृष्ण की गरुड़ ध्वजा या फिर कलयुग में जगन्नाथ मंदिर पुरी में हवा के विपरीत दिशा में रहस्यमय तरीके से लहरता पतित पावन ध्वज। वर्तमान में भी किसी धार्मिक अनुष्ठान का प्रारंभ ध्वजा स्थापना के साथ ही होता है, क्योंकि ध्वज किसी भी कार्य के मंगल, विजय और निर्विघ्न संपन्नता का प्रतीक है और उस धर्म या संस्था की पहचान भी है।

एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में भारत का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा है। तिरंगा दुनिया में हमारी विरासत, परंपरा और सांस्कृतिक धरोहर की पहचान है। देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 13 से 15 अगस्त, 2022 तक जन भागीदारी से, 'हर घर तिरंगा' अभियान के माध्यम से 20 करोड़ परिवारों में तिरंगा फहराने का सपना देखा है। तिरंगा पिछले 75 वर्षों से हर देशवासी को एक सूत्र में बांधता आया है।

ऐसे में हर भारतीय के मन में तिरंगे के प्रति सम्मान और गर्व की भावना दृढ़ होती है। 1921 में महात्मा गांधी का एक लेख यंग इंडिया पत्रिका में प्रकाशित हुआ, जिसमें उन्होंने कहा, %एक ऐसा राष्ट्रीय ध्वज बनना चाहिए, जिसके लिए सभी धर्मों के लोग अपनी जान दे सकें।% इस ऐतिहासिक कार्य को आंध्र प्रदेश के महान स्वतंत्रता सेनानी पिंगली वेंकैया ने पूरा किया। उन्होंने 30 से ज्यादा देशों के राष्ट्रीय ध्वजों का अध्ययन किया और राष्ट्रीय ध्वज के रूप में तिरंगे का निर्माण किया।

22 जुलाई, 1947 को डॉ. राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में हुई संविधान सभा की बैठक में तिरंगे को भारत के राष्ट्रीय ध्वज के रूप में अंगीकार किया गया। यानी भारत की आजादी के अमृत महोत्सव के साथ ही यह वर्ष 'तिरंगे का अमृत महोत्सव' भी है।




*गृहमंत्री अमित शाह ने केंद्र सरकार द्वारा हर प्रकार के सहयोग और समर्थन देने की घोषणा की है। 2 अगस्त यानी आज पिंगली वेंकैया की 146वीं जन्म जयंती भी है। उनके प्रति जन धन्यवाद करते हुए एक 'राष्ट्रीय ध्वज गीत' भी जारी होगा। आने वाली पीढ़ियों को हम कैसा भारत देंगे?*

विजयी विश्व तिरंगा प्यारा/ झंडा ऊंचा रहे हमारा/ सदा शक्ति बरसाने वाला/ प्रेम सुधा बरसाने वाला/ वीरों को हर्षाने वाला/ मातृभूमि का तन मन सारा/ विजयी विश्व तिरंगा प्यारा... ये पंक्तियां हर भारतीय को उत्साह से भर देती हैं।

देशभक्ति का जज्बा पैदा कर देती हैं। ये हमारे राष्ट्रीय ध्वज की ताकत भी है और सम्मान भी है। भारत के नेता के रूप में, खिलाड़ी के रूप में और या फिर सरहदों पर खड़े जवान के रूप में, उसके लिए उसकी राष्ट्रीय पहचान तिरंगा होता है। आजादी के बाद भी कितने ही सैनिकों ने इस तिरंगे की खातिर अपना बलिदान दिया है। 'हर घर तिरंगा' अभियान शहीदों के प्रति हर भारतवासी की एक सच्ची श्रद्धांजलि है। इससे जन-जन में भारत गौरव और भारत भक्ति का भाव जागृत होगा।

देश के अंतिम छोर पर रहने वाले नागरिक को भी आजादी की 75वीं वर्षगांठ के महोत्सव में भागीदार बनना चाहिए, यही इसका मूल उद्देश्य है। राष्ट्रीय ध्वज को किसी संस्था या सरकार द्वारा मुफ्त में न दिया जाए, क्योंकि तिरंगे के प्रति हर जन के मन में सम्मान, स्वाभिमान और स्वामित्व का भाव जागृत होना अति आवश्यक है। केंद्र सरकार ने देश के सभी 1.6 लाख डाकघरों में भी बिक्री हेतु झंडे की व्यवस्था कराई है। भारतीय राष्ट्रीय ध्वज सरकार के ई-मार्केट मार्केटप्लेस पोर्टल पर भी उपलब्ध है।

भारत सरकार ने ध्वज की आपूर्ति की प्रक्रिया को कारगर बनाने के लिए विभिन्न ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, हितधारकों और स्वयं सहायता समूहों के साथ भी करार किया है। इस अभियान की ऐतिहासिक सफलता के लिए 'फ्लैग कोड' में 26 जनवरी, 2002 के बाद परिवर्तन किया गया है। अब मशीन से बना हुआ कपास, ऊन या रेशमी खादी और पॉलिएस्टर से बना तिरंगा भी फहरा सकते हैं। साथ ही, अब 24 घंटे तिरंगा फहराया जा सकता है।

ध्वजारोहण के अलावा इस अभियान में भाग लेने के आभासी तरीके भी हैं। संस्कृति मंत्रालय ने एक वेबसाइट https://harghartirang.com लॉन्च की है, जहां कोई झंडा लगा सकता है और अपनी देशभक्ति का प्रदर्शन करते हुए फ्लैग के साथ सेल्फी भी पोस्ट कर सकता है। केंद्र सरकार के साथ-साथ सभी राज्य सरकारों और गैर सरकारी संस्थाओं के समन्वय और सहयोग की भावना भी अभिनंदनीय है। गृहमंत्री अमित शाह ने केंद्र सरकार द्वारा हर प्रकार के सहयोग और समर्थन देने की घोषणा की है। 2 अगस्त यानी आज पिंगली वेंकैया की 146वीं जन्म जयंती भी है।

किशन रेड्डी

## संपादकीय

### श्रीलंका में राजनैतिक संकट

श्रीलंका की अर्थव्यवस्था इस समय तबाही के दौर से गुजर रही है। इस बड़े आर्थिक संकट के कारण श्रीलंका में जहां एक तरफ खाने-पीने की चीजों की भी कमी हो गई है, वहीं दूसरी तरफ लोगों के विरोध प्रदर्शन के चलते राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे भी अपना आवास छोड़कर भाग चुके हैं । साथ ही प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे ने भी औपचारिक रूप से अपना इस्तीफा दे दिया है । इस तबाही के एक नहीं, अनेक कारण हैं । श्रीलंका की कुल अर्थव्यवस्था में उसके टूरिज्म सेक्टर का योगदान 10 प्रतिशत था, लेकिन कोरोना महामारी के चलते लगी पाबन्दियों ने श्रीलंका के टूरिज्म सेक्टर को बर्बाद कर दिया । इससे श्रीलंका को काफी नुकसान हुआ । दूसरा, श्रीलंका की सरकार ने ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने के लिए एक दम से फर्टिलाइजर्स बैन करके 100 फीसदी ऑर्गेनिक खेती करने का निर्णय लिया । इससे श्रीलंका में कृषि प्रोडक्शन आधा रह गया, जिस कारण श्रीलंका में चावल-चीनी सहित अन्य चीजों की भारी किल्लत हो गई । तीसरा, श्रीलंका ने पिछले कुछ समय में भारत, जापान, चीन सहित अन्य देशों से भारी कर्ज लिया, लेकिन इस कर्ज का सही उपयोग नहीं किया । भारी-भरकम कर्ज के चलते श्रीलंका की अर्थव्यवस्था पर ब्याज और किस्त का भारी दबाव पड़ा । इस कारण श्रीलंका का विदेशी मुद्रा भण्डार कम हो गया और वह जरूरत की चीजों का भी आयात नहीं कर पा रहा है । चौथा, श्रीलंका की सरकार ने साल 2019 में लोगों को राहत देते हुये टैक्स में कटौती की थी । इस कारण सरकार की आय में 30 प्रतिशत की गिरावट आई, जिससे देश की अर्थव्यवस्था चरमरा गई ।

## सैन्य खरीद व्यवस्था बदलें, तभी लगेगी बाड़मेर जैसी घटनाओं पर लगाम

*बाड़मेर के निकट हुई दुखद घातक दुर्घटना में भारतीय वायुसेना के दो युवा पायलटों के जीवन की बलि लेकर उड़न ताबूत के नाम से कुख्यात मिग 21 लड़ाकू विमान एक बार फिर से सुर्खियों में है। हमारी वायुसेना में 1963 में शामिल किया गया मिग 21 अब तक वायुसेना के दो सौ लड़ाकू विमान चालकों की शहादत ले चुका है। कुल 874 मिग विमान पिछले साठ वर्षों में वायुसेना में शामिल किए गए, उनमें से चार सौ अब तक स्वयं हवाई दुर्घटनाओं में ध्वस्त हो चुके हैं।*

1965 और 1971 के भारत-पाक युद्धों में सफल रहे मिग को अब सेवानिवृत्ति मिलनी ही चाहिए। हर विमान दुर्घटना के बाद यही सवाल उठता है कि इस बूढ़े हो चुके विमान का कब तक इस्तेमाल किया जाएगा। वर्ष 1959 में आधुनिक जेट लड़ाकू विमान के रूप में तैयार और भारतीय वायुसेना में 1963 में शामिल बूढ़े मिग 21 विमान को आज लगभग साठ साल बाद भी वायुसेना की चार स्क्वाड्रनें इस्तेमाल करने के लिए मजबूर हैं। आज वायुसेना में इस्तेमाल किए जा रहे मिग 21 भारत में एचएएल द्वारा बनाए गए हैं और ऐसे सत्तर विमानों का कागजी जीवन अभी शेष है।

विमान चालकों को उड़ान के लिए सौंपने से पहले वायुसेना के तकनीशियन इनका सावधानी से निरीक्षण करते हैं। आधुनिकतम लड़ाकू विमानों की गुणवत्ता की कसौटी में उनकी मारक क्षमता, गति, ऊंचाई, हथियारों और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की उपयोगिता के साथ ही उन्हें उड़ाने की सरलता भी शामिल होती है। लेकिन इस आखिरी बिंदु पर मिग 21 बुरी तरह मार खाता है। प्रशिक्षण अकादमी से निकलने के बाद ऑपरेशनल प्रशिक्षण के लिए विमान चालक उसी का प्रयोग करने के लिए मजबूर हैं।




**देश के पास धन की कमी तो है ही, लेकिन सही फैसले लेने की इच्छाशक्ति की कमी सर्वोपरि लगती है। सेवारत अधिकारियों को त्वरित सलाह देने के लिए पुरस्कृत किया जाना चाहिए और टाल-मटोल करने वालों को समयपूर्व सेवानिवृत्ति।**

देश की अग्रिम सीमा पर आज भी मिग 21 तैनात हैं। भारतीय वायुसेना की घोषित स्थापना 45 स्क्वाड्रन की है। इससे कम स्क्वाड्रन संख्या हमारी आकाशीय सीमाओं की सुरक्षा को कमजोर करेगी। पर जब तक पूरे नए विमान नहीं मिलते, वायुसेना उन्हीं पुराने विमानों का इस्तेमाल करने के लिए बाध्य है, जिनका कार्यकारी जीवन अभी कम से कम कागजों पर समाप्त न हुआ हो।

नतीजा यह है कि विश्व की सबसे बड़ी सैन्य शक्ति चीन के मुकाबले खड़ी भारतीय वायुसेना उन मिग 21 विमानों का प्रयोग करने के लिए बाध्य है, जो अब केवल अंगोला, अजरबैजान, क्यूबा और क्रोशिया जैसे छोटे-छोटे साधनहीन देश देशों की वायुसेनाओं में कार्यरत हैं। संतोष की बात है कि 2025 तक वायुसेना से सभी मिग विमानों को सेवामुक्त करने का निर्णय सरकार ने अब अंततः ले लिया है। आखिर क्यों हम अपने पुराने सैन्य साज-ओ-सामान को इतनी लंबी आयु तक इस्तेमाल करते चले जाते हैं? क्या केवल आर्थिक संसाधनों की कमी इसके लिए जिम्मेदार है? हर बड़ी सैन्य खरीद के बाद जिस तरह से भ्रष्टाचार के आरोप लगते हैं, उनकी पृष्ठभूमि में सरकार को निर्णय लेने में सहायता करने वाले अधिकारियों की हिचक स्वाभाविक है। लेकिन यदि सेना का हर शीर्ष अधिकारी यही सोचे कि फाइलें सरकाते हुए किसी तरह अपना कार्यकाल पूरा करना है, तो पुराने सैन्य उपकरणों की जगह नए उपकरण और विमान खरीदने का फैसला कौन लेगा? देश के पास धन की कमी तो है ही, लेकिन सही फैसले लेने की इच्छाशक्ति की कमी सर्वोपरि लगती है। सेवारत अधिकारियों को त्वरित सलाह देने के लिए पुरस्कृत किया जाना चाहिए और टाल-मटोल करने वालों को समयपूर्व सेवानिवृत्ति। इसके अलावा, जब भी भ्रष्टाचार के आरोप लगें, तो सर्वोच्च न्यायालय स्वतः संज्ञान लेकर जल्दी से जल्दी जांच करवाए। आरोप सिद्ध होने पर संबंधित नेताओं, मंत्रियों और सरकार के शीर्ष अधिकारियों को दंडित किया जाए।

अरुणेंद्र नाथ वर्मा

## मिला जुला

## अध्यक्ष पवन सोलंकी की अद्भुत पहल भिक्षा मांगने वाले बच्चों को बांटी किताबें

जोहार छत्तीसगढ़-भोपाल।

मध्यप्रदेश अध्यक्ष पवन सोलंकी ने कहा मैं गरीब बेहसारा परिवार की निस्वार्थ भाव से मदद करता हूं। पीड़ित परिवार को इंसाफ दिलाने के लिए मैं पुलिस कांस्टेबल से लेकर डीजीपी व मुख्य सचिव तक जाता हूं और गरीब परिवार की नि :षुल्क मदद करता हूं।





पवन सोलंकी ने बताया जो सड़कों पर बस स्टैंड पर रेलवे स्टेशनों पर भिक्षा मांगते हैं अपना पेट भरने के लिए कुछ भी करते हैं कभी-कभी यह बच्चे बालक बालिका है गलत संगत में पड़कर गलत रास्ते पर चल देते हैं इन्हें हमें रोकना हैं सही राह दिखाना हैं इन्हें शिक्षा देना हैं इन्हें रोटी देना हैं इन्हें कपड़ा देना हैं तभी यह बच्चे सही राह पर चलेंगे क्योंकि यह हमारे देश का भविष्य है अगर हमनें इन बच्चों को सही समय पर नहीं रोका तो यह बच्चे गलत रास्तों पर चलकर अपराधी बन जाएंगे आगे जाकर हमें इन्हें रोकना होगा और सही मार्गदर्शन देना होगा मैं इन भिक्षावृत्ति करने वाले बच्चों को भिक्षा नहीं शिक्षा दूंगा। मध्यप्रदेश नवनिर्माण सेना अध्यक्ष एवं गौ जन कल्याण संघ प्रदेश उपाध्यक्ष पवन सोलंकी ने बताया है की झुग्गी बस्तियों मैं रहने वाले परिवार बहोत परेशानीयो का सामना कर रहें हैं हालात इस कदर हैं की गरीब परिवार को दो समय का खाना खा पाना भी मुश्किल सा हो गया हैं क्योंकि कुछ लोंगो की नोकरी तक नहीं हैं तो कुछ परिवार ऐसे भी रहते है जो रोज़ कमाते वह रोज खाते हैं काफी परेशानियों का सामना करने बावजूद भी अपने बच्चों को पड़ा नहीं पाते हैं मध्यप्रदेश अध्यक्ष पवन सोलंकी ने कहा हैं की आसमान छूती महंगाई मैं काफी किताब खरीदना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है क्योंकि पहली से पांचवी क्लास तक के बच्चों की काफी किताब एक हजार से लेकर 10000 दस हजार रुपय तक की आ रही हैं यह तक प्लेन कॉफी भी 100 सौ रुपय की आ रही हैं ऐसी स्थिति परिस्थिति मैं प्रदेश अध्यक्ष पवन.सोलंकी ने हिन्दूसंगठनों के पदाधिकारीयो के साथ भिक्षा मांगकर खाने वाले झुग्गी बस्ती मैं रहने वाले बच्चों को नि:शुल्क काफी किताब और कलम बांटी पवन सोलंकी ने कहा की जरूरत पड़ी तो मैं स्वयंम इन गरीब बच्चों को पढ़ाऊंगा आज सबसे ज्यादा जरूरत हैं तो शिक्षा की है क्षेत्र का प्रत्येक बच्चा शिक्षा से जुड़े यहीं हमारा प्रयास हैं इस कार्यक्रम में महिलासेना प्रदेश अध्यक्ष उर्मिला महेश्वरी शहर अध्यक्ष हंसा शर्मा नगर अध्यक्ष शारदा मालवीय दिनेशा मालवीय अनीशा राठौड़ कौशल्या परिहार आरती पटेल इस दौरान बड़ी संख्या में हिन्दू संगठन पदाधिकारी गन मौजूद रहें।

अमेरिका ने किया दावा

## अल कायदा सरगना अयमान अल जवाहिरी ड्रोन हमले में मारा गया

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने दावा किया है कि उसने आतंकवादी संगठन अल कायदा के सरगना अयमान अल जवाहिरी को एक ड्रोन हमले में मार गिराया है। साल 2011 में ओसामा बिन लादेन के मारे जाने के बाद अल कायदा को यह अब तक का सबसे बड़ा झटका लगा है। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक जवाहिरी को अफगानिस्तान में सीआईए के ड्रोन ने मार गिराया। कई मीडिया रिपोर्टों में भी यह बात सामने आई है कि अफगानिस्तान में सप्ताहांत अमेरिकी स्ट्राइक में अल-कायदा के प्रमुख नेता अयमान अल जवाहिरी की मौत हो गई है। बहरहाल, अब इस खबर की पुष्टि स्वयं राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने संबोधन में कर दी है। सोमवार शाम को अपने संबोधन में राष्ट्रपति बाइडन ने कहा कि 'याय की जीत हुई। अलकायदा सरगना अयमान अल जवाहिरी काबुल में एक हवाई हमले में मारा गया है। साफ है अगर आप हमारे लोगों के लिए खतरा हैं, तो अमेरिका आपको ढूंढेगा और बाहर निकालेगा, आप चाहे कहीं भी छिप जाएं, चाहे कितना भी समय लगे।'



बाइडन ने कहा कि 'शनिवार को मेरे निर्देश पर अफगानिस्तान के काबुल में सफलतापूर्वक ड्रोन स्ट्राइक की गई, इसमें अलकायदा का सरगना अयमान अल-जवाहिरी की मौत हो गई। यह 11 नवंबर 2001 को हुए हमले के पीड़ितों को न्याय दिलाने की दिशा में एक और कदम है। अंत में उन्होंने कहा- अब न्याय मिल गया है। बाइडन ने कहा कि अब मैं अफगानिस्तान को आतंकवादियों के लिए कभी भी, बिल्कुल भी सुरक्षित जगह नहीं बनने दूंगा। साथ ही ध्यान रखूंगा कि ऐसा आगे भी नहीं हो सके।'

### 9/11 हमलों में जवाहिरी ने की थी मदद

मिस्र के डॉक्टर और सर्जन जवाहिरी ने अमेरिका में 11 सितंबर, 2001 के हमलों में चार विमानों को हाईजैक करने में मदद की थी। इनमें दो विमान वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के दोनों टावर्स से टकरा गए थे। जबकि तीसरा विमान अमेरिकी रक्षा मंत्रालय यानी पेंटागन से टकराया। चौथा विमान शेंकविले में एक खेत में क्रैश हुआ था। इस घटना में 3,000 लोग मारे गए थे।

## मुहर्रम त्यौहार को लेकर पोड़ी थाने में शांति समिति की बैठक संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।




मुहर्रम त्यौहार को देखते हुए कोरिया जिले के पोड़ी थाने में शांति समिति की बैठक रखी गई। इस बैठक में मुस्लिम समुदाय के साथ हिंदू समुदाय उपस्थित रहे साथ ही नगर पालिक निगम चिरमिरी के आयुक्त विजेंद्र सिंह सारथी एवं नगर पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक संपन्न की गई। आपको बता दें कि मुहर्रम त्यौहार को ध्यान में रखते हुए पोड़ी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई गौरतलब हो कि आगामी 9 अगस्त को मोहर्रम का त्यौहार है को लेकर शांति समिति बैठक की गई। इस बैठक में नगर पालिक निगम के आयुक्त विजेंद्र सिंह सारथी एवं नेता प्रतिपक्ष संतोष सिंह उपस्थित रहे मुहर्रम त्यौहार में किसी प्रकार की दिक्कत ना आए जिसको लेकर बिजली पानी एवं अन्य संसाधनों पर चर्चा की गई और हर एक सहयोग के लिए स्थानीय प्रशासन तैयार है।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की संवेदनशीलता ने कैंसर पीड़ित को दिया सहारा

भेंट मुलाकात में मदद की घोषणा, मरीज को मिली इलाज की नि :शुल्क व्यवस्था

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।



**प्रशासन से 10 हजार रुपए और अन्य मेडिकल सुविधाओं की अतिरिक्त मदद**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की संवेदनशीलता ने कैंसर पीड़ित संदीप कुमार जायसवाल को मुश्किल समय में आर्थिक सहारा दिया है। मुख्यमंत्री बघेल के जिला प्रवास के दौरान आयोजित भेंट मुलाकात कार्यक्रम में आवेदक संदीप कुमार जायसवाल द्वारा कैंसर के इलाज में मदद हेतु आवेदन किया गया था। जिस पर मुख्यमंत्री द्वारा मदद की घोषणा की गई। घोषणा के परिपालन में जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्यवाही की गई और मरीज के नि:शुल्क इलाज की व्यवस्था बालको कैंसर अस्पताल, रायपुर में कर दी गई है। जहां आवेदक का नि:शुल्क इलाज जारी है। इसी कड़ी में कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा आवेदक को आर्थिक सहायता के रूप में 10 हजार रुपए की राशि का चेक भी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रामेश्वर शर्मा द्वारा जायसवाल को प्रदाय किया गया। साथ ही हर सप्ताह मरीज को अन्य मेडिकल सुविधाओं की आवश्यकता होती हैं। वे भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा नि:शुल्क उपलब्ध कराया गया है।

# बेहतर इलाज, असरकारक नि:शुल्क दवाईयों, और हाट में ही इलाज मिलने से लोगों के बीच हाट बाजार क्लीनिक योजना की बढ़ी मांग 35 से बढ़कर 42 हाट बाजारों में मिलेगी मेडिकल सुविधाएं

### विगत 4 माह में 41 हजार से अधिक को मिला नि:शुल्क जांच एवं दवाईयों का लाभ

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।





दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाओं की आसान पहुंच हेतु शुरू की गई छत्तीसगढ़ शासन की हाट बाजार क्लिनिक योजनांतर्गत साप्ताहिक हाट बाज़ारों में डेडिकेटेड वाहनों के माध्यम से नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, जांच एवं असरकारक दवाइयों से लोगों को उत्तम स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है।

जिले में अब तक 35 हाट बाजारों के माध्यम से लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचायी जा रही थी। इसकी लोकप्रियता और मांग को देखते हुए कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर वर्तमान में हाट बाजारों की संख्या में वृद्धि की गई हैए जिसके तहत 07 नवीन हाट बाज़ारों को चिन्हांकित किया गया है। अब कुल 42 हाट बाजारों में मोबाइल मेडिकल यूनिट के द्वारा लोगों का इलाज किया जाएगा।

#### ये हैं 7 नवीन हाट बाजार जहां लोगों को मिलेंगी सुविधाएं

विकासखण्ड बैकुण्ठपुर के साप्ताहिक हाट बाजार चरचा में प्रत्येक रविवार तथा सलका में मंगलवार विकासखण्ड भरतपुर के कटवार में गुरुवार विकासखण्ड खड़गवां के पोंड़ी में गुरुवार तथा बंजारीडांड में शनिवार, विकासखण्ड मनेन्द्रगढ़ के ढुलकु में मंगलवार तथा विकासखण्ड सोनहत के कटगोड़ी में गुरुवार को लोगों को हाट बाजार क्लीनिक के माध्यम से नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

#### विगत 4 माह में 41 हजार से अधिक को मिला नि :शुल्क जांच एवं दवाईयों का लाभ

योजना के तहत साप्ताहिक हाट बाजारों में डेडिकेटेड वाहनों के द्वारा स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जिले में आयोजित 608 हाट बाजारों में पहुंच प्रति हाट बाजार 67.55 के औसत से लोगों को नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाया। 1 अप्रैल 2022 से अब तक कुल 41 हजार 72 मरीजों का परीक्षण कर उपचार किया गयाए जिनमें 41 हजार 163 का टेस्ट कर नि:शुल्क दवाइयां दी गई। वहीं 54 जरूरतमंदों को इलाज हेतु जिला अस्पताल रेफर किया गया।

#### रतनपुर हाट बाजार में इलाज हेतु पहुंचे शिवनारायण तथा मोहितए नियमित जांच और नि :शुल्क दवाईयों से मिली राहत

हाट बाजार रतनपुर में पेट दर्द और कमर दर्द की समस्या लेकर पहुंचे 48 वर्षीय शिवनारायण बताते हैं हाट बाज़ार क्लीनिक में उनका बीपी, शुगर तथा हीमोग्लोबिन की जांच की गई। हीमोग्लोबिन कम पाए जाने पर डॉक्टरों ने मुझे नि:शुल्क दवाइयां दी तथा खान.पान सम्बन्धी सलाह दी। दवाइयों से मुझे अब पहले से बेहतर महसूस हो रहा है। वहीं हाई बीपी तथा सर दर्द की समस्या से पीड़ित 51 वर्षीय मोहित विश्वकर्मा ने बताया कि डॉक्टरों द्वारा दी गयी दवाइयों से मुझे राहत मिला है। अब मैं नियमित रूप से हाट बाजार में इलाज करवा रहा हूं।

## एक नजर

### सूखा प्रभावित गांवों का राजस्व और कृषि विभाग के टीम द्वारा निरीक्षण करके नजरी आकलन तैयार किया जा रहा

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले सूखा प्रभावित तहसीलों एवं गांवों का राजस्व और कृषि विभाग के टीम द्वारा निरीक्षण करके नजरी आकलन तैयार किया जा रहा है और किसानों से सूखे के संबंध में जानकारी ली जा रही है। टीम द्वारा आज दुलदुला विकासखण्ड के गोड़म्बा, कुनकुरी विकासखण्ड के चरईमारा, रानीकोम्बो, फरसाबहार विकाखण्ड के तुमला और सिंगीबहार का निरीक्षण किया और किसानों से जानकारी लेकर नजरी आकलन तैयार किया गया। ताकि प्रभावित किसानों को शासन द्वारा सहायता पहुंचाई जा सके।

### विधवा का दैहिक शोषण, आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

कोतवाली थाना क्षेत्र निवासी प्रार्थी या की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली पुलिस ने जामगांव फिंगेश्वर निवासी नारायण साहू के खिलाफ भारतीय दंड विधान की धारा 376 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है। जिला पुलिस नियंत्रण कक्ष से मेरी जानकारी में बताया गया है किए आरोपी नारायण साहू का प्रार्थिया के पति के साथ परिचय होने से घर तक आना जाना था। प्राथ्यिा के पति के स्वर्गवास हो जाने पर नारायण साहू का घर में आना जाना था। घटना दिनांक को महिला घर में नहा रही थी तभी आरोपी नारायण साहू पहुंचा और जबरदस्ती महिला के साथ शारीरिक संबंध स्थापित किया। यह सिलसिला चल रहा था और जब महिला ने आरोपी से विवाह करने के लिए कहा तो आरोपी गाली गुप्तार पर उतर आया। महिला द्वारा इसकी शिकायत थाने में किए जाने पर आरोपी के खिलाफअपराध दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

### 4 जुलाई को चुना जाएगा नपाध्यक्ष,भाजपा की हुई बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

आगामी 4 अगस्त को नगर पालिका परिषद महासमुंद में अध्यक्ष चुनाव को लेकर भाजपा कार्यालय में बैठक रखी गई। भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष सतपाल सिंग ने बताया कि बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं व नगर पालिका में भाजपा के पार्षदों को बुलाया गया। प्रमुख रूप से बैठक में पूर्व विधायक डा विमल चोपड़ा, पूर्व जिला अध्यक्षद्वय चन्द्रहास चंद्राकर, इन्द्रजीत खालसा, पूर्व नपा अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर, जिला उपाध्यक्ष पवन वर्मा, पूर्व जिला महामंत्री ऐतराम साहू, मण्डल महामंत्री प्रकाश शर्मा उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि नगरीय निकाय अध्यक्ष चुनाव में भाजपा अपना प्रत्याशी मुस्तैदी के साथ उतारेगी। प्रत्याशी की घोषणा 4 अगस्त को ही किया जाएगा। भाजपा के पार्षदों से कहा गया कि आप सभी अपने स्तर में प्रयास करें। भाजपा के अधीकृत प्रत्याशी के पक्ष में पार्षदों को मतदान करना है। पार्टी के अनुशासन का पालन सभी को करना है। यह हिदायत पार्षदों को दी गई। जो पार्षद बाहर हैं उन्हें हर हालात में चुनाव के पहले कार्यालय लाया जाएगा। कोई भी दल या व्यक्ति हमारे पार्षद को छिपाने का प्रयास न करें। बैठक में पार्षदगण देवीचंद राठी, संदीप घोष, रिंकू चंद्राकर, राहुल चंद्राकर, युवा मोर्चा जिला महामंत्री दिनेश रूपरेला उपस्थित रहे।

### आवारा पशुओं को बांध कर रखने के लिए किया जा रहा प्रेरित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत पत्थलगांव से प्राप्त जानकारी के अनुसार पत्थलगांव निकाय द्वारा रोका-छेका हेतु मुनादी किया जा रहा है। और आवारा पशुओं को रोकने के लिए पशु मालिकों से बांध कर रखने के लिए कहा जा रहा है। नगर पालिका अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया है कि वर्तमान में निकाय क्षेत्रान्तर्गत किसी प्रकार का आवारा पशु नहीं है तथा किसानों की फसल को आवारा पशुओं के द्वारा बर्बाद नहीं किया जा रहा है।

## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आम लोगों की समस्याएं

### अधिकारियों को समय सीमा में आवेदनों को निराकृत करने के दिये निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने जनदर्शन के माध्यम से ग्रामीण जनों की शिकायतों और समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

जनदर्शन में आज आर्थिक सहायता, वेतन भुगतान, रोजगार प्रदाय, मजदूरी भुगतान, पेंशन भुगतान, मुआवजा, वन अधिकार पट्टा, बंटवारा, भूमि-विवाद, नामांतरण सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को जनदर्शन में प्राप्त पेंशन, राशन कार्ड, मजदूरी भुगतान, राजस्व संबंधी प्रकरणों का गंभीरता से लेने एवं समय सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए।

## कलेक्टर हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने की अपील की

### कलेक्टोरेट परिसर में स्व सहायता समूह की महिलाओं ने स्टॉल लगाकर विक्रय किया

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में कलेटोरेट परिसर में आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत् स्व सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा तैयार किए गए तिरंगे के बिक्रय हेतु स्टॉल लगाया गया और हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने का आग्रह किया गया है। कलेक्टोरेट परिसर में विभागीय अधिकारियों और जनदर्शन में आने वाले आम नागरिकों ने भी झण्डा खरीदा। कलेक्टर ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान में समाज के सभी वर्गों की व्यापक भागीदारी होनी चाहिए। तिरंगे के साथ देशवासियों की भावनाएं जुड़ी हुई हैं। इस तिरंगे की आन बान और शान के लिए अनेक लोगों ने राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान बलिदान दिया है। हमारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हमारी आजादी गौरव और स्वाभिमान का प्रतीक है। उन्होंने हर घर झंडा अभियान सफल बनाने की अपील की।

### नगर पंचायत बगीचा में कृष्ण कुंज निर्माण हेतु की जा रही आवश्यक तैयारियां

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



कृष्ण कुंज के माध्यम से वृक्षारोपण को जन अभियान बनाने की सराहनीय पहल प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। इस हेतु सभी नगरीय क्षेत्रों में कृष्ण कुंज विकसित किया जा रहा है। जहां आगामी कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर वृहद स्तर जीवनोपयोगी वृक्षों का रोपण किया जाएगा। जशपुर जिले के सभी नगरीय निकाय मे आवश्यक तैयारियां की जा रही है। इसी कड़ी में नगर पंचायत बगीचा के वार्ड क्रमांक 13 में राजपुरी जल प्रपात के समीप लगभग एक एकड़ की जमीन पर कृष्ण कुंज का निर्माण किया जा रहा है। जहां गेट, बाउंड्री में तार फेसिंग, आवश्यक मरम्मत सहित अन्य कार्य किया जा रहा है। साथ ही बरगद, पीपल, नीम और कदंब जैसे सांस्कृतिक महत्व के पौधे की व्यवस्था की जा रही है।

## सभी नगरीय निकाय में विकसित होंगे कृष्ण कुंज

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर बेमेतरा जिले के सभी आठ नगरीय निकाय में कृष्ण कुंज विकसित कर छायादार पौधों का रोपण किया जायेगा। कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने आज मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर विभागवार लंबित आवेदनों के बारे में जानकारी ली। जिले के सभी नगरीय निकाय क्षेत्रों में कम से कम एक एकड़ जमीन में कृष्ण कुंज विकसित किया जायेगा। जिलाधीश ने सभी आठ नगरीय निकाय के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिए है कि कृष्ण कुंज के लिए आवश्यक तैयारी प्रारंभ कर दें। उन्होने कहा कि इसके लिए जमीन अतिक्रमण मुक्त हो डुबान क्षेत्र में न हो और पथरीली भूमि न हो। कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को जमीन चिन्हांकित करने के निर्देश दिए हैं। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर छत्तीसगढ़ के सभी नगरीय क्षेत्रों में कृष्ण कुंज विकसित किए जाएंगे। कृष्ण कुंज में बरगद, पीपल, नीम और कदंब जैसे सांस्कृतिक महत्व के जीवनोपयोगी वृक्षों का रोपण किया जाएगा। 19 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दिन पूरे राज्य में कृष्ण कुंज के लिए चिन्हित स्थल पर पौधों का रोपण प्रारंभ किया जाएगा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ लीना मण्डावी, अपर कलेक्टर डॉ अनिल बाजपेयी, नगरीय निकाय के सीएमओ, जनपद पंचायत के सीईओ सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने सूखा प्रभावित क्षेत्रों का नजरी आंक्कलन तैयार करने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



- * हर घर झण्डा अभियान के तहत् 13 से 15 अगस्त तक झण्डा कार्यक्रम का किया जाएगा आयोजन
- सभी एसडीएम को प्राथमिकता से वन अधिकार पट्टा बनाने के लिए कहा
- * लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए मनरेगा के तहत् कार्य स्वीकृत करें

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर वन अधिकार पत्र, हर घर झण्डा अभियान के तहत् सभी अधिकारियों को तैयारी करने के निर्देश दिए हैं।

इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जितेन्द्र यादव, सभी एसडीएम, जनपद सीईओ और सभी विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान सभी एसडीएम को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि आगामी 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर वन अधिकार पट्टा वितरण किया जाना है। इसके लिए तैयारी सुनिश्चित करके रखें। कलेक्टर ने जिले में औसत से कम बारिस वाले तहसीलों, गांवों में फसलों की स्थिति का नजरी आकलन कराने के लिए राजस्व विभाग और कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अल्प वर्षा वाले तहसीलों में राहत कार्य के लिए तत्काल कार्योयोजना तैयार करके जानकारी उपलब्ध करावें। कलेक्टर ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 13 से 15 अगस्त तक हर घर झण्डा कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। आम नागरिकों से भी अपील करते हुए राष्ट्र के प्रति गौरव और सम्मान के लिए गांव से लेकर शहर तक हर घरों में तिरंगा फ्हराने के लिए कहा। उन्होंने ने विभागों को भी झण्डा खरीद कर अपने-अपने विकासखण्डों में वितरण कराने के लिए कहा है। साथ ही मॉनिटरिंग के लिए शासन के दिशा अनुरूपक कार्य करने के लिए कहा गया है। उन्होंने स्व सहायता समूहों, सामाजिक संगठन आदि के समस्त कर्मचारी के परिवार की भी सक्रिय भागिदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने आगामी 15 अगस्त की तैयारी के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि जिन विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गई हैं वे अपने-अपने कार्यो को गंभीरत से लेते हुए समय सीमा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

## कलेक्टर ने लोक अदालत एवं स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों की समीक्षा की

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।





कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने आज मंगलवार को समय.सीमा बैठक के दौरान विभागीय अधिकारियों से लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। शनिवार 13 अगस्त को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए। राष्ट्रीय लोक आदालत में राजस्व, विद्युत, नगर पालिका, नगर पंचायत से संबंधित मामलों का निराकरण राजीनामा के जरिए किया जायेगा। कलेक्टर ने विभागवार लंबित आवेदनों के बारे में तथा लोक सेवा गारंटी योजनांतर्गत लंबित कार्यों की जानकारी ली। बैठक में बताया गया कि लो.से.गा के अन्तर्गत 18 हजार 393 प्रकरण अभी लंबित हैं। कलेक्टर ने राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के आयोजन के तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। 15 अगस्त को आयोजित होने वाले मुख्य समारोह के दौरान बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम कोरोना के कारण नहीं होगा। स्वतंत्रता दिवस को सभी सरकारी भवनों में रोशनी की जायेगी। राज्य शासन द्वारा स्वतंत्रता दिवस के संबंध में दिशा निर्देश जारी किए गये हैं। जिलाधीश ने नोडल अधिकारियों को छात्रावास का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होने सहायक आयुक्त अजाक को कन्या छात्रावास में महिला अधीक्षक ही नियुक्त करने के निर्देश दिए। छात्रावासों में भोजन, स्वास्थ्य, पेयजल की बेहतर व्यवस्था हो। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि हॉस्टल में रहने वाले बच्चों को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण हो। बसोड़ परिवारों को वन विभाग द्वारा बांस उपलब्ध कराने के निर्देश उप वनमण्डलाधिकारी को दिए। कलेक्टर ने नगरीय निकाय के सीएमओ को प्रत्येक नगर पंचायत में धनवंतरी योजना के अन्तर्गत जेनरिक दवाई दुकान खोलने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने स्कूल, आंगनबाड़ी, अस्पताल, जेल में सी.मार्ट से ही दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुओं की खरीदी के निर्देश दिए। जिससे महिला स्व.सहायता समूह आर्थिक रुप से मजबूत हो सके। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री फ सल बीमा के अन्तर्गत 17 हजार 193 किसानों को दावा राशि भुगतान नहीं हो पाया था जिसमें से 13 हजार किसानों को 42 करोड़ 49 लाख रुपये की राशि उनके बैंक खाते में अंतरित कर दी गई है। कलेक्टर शुक्ला ने शेष 4 हजार किसानों की दावा राशि का भुगतान शीघ्र करवाने के निर्देश कृषि विभाग के उप संचालक को दिए। जिले में 13 अगस्त मनाये जा रहे वजन त्यौहार के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि आगामी 11 से 17 अगस्त स्वतंत्रता सप्ताह के दौरान आयोजित हर घर झण्डा कार्यक्रम के सफ ल क्रियान्वयन हेतु जिला मुख्यालय, विकासखंड मुख्यालय व ग्राम पंचायत के शासकीय भवनों में झण्डा कोड को ध्यान में रखते हुए झण्डा फहराया जाना है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नगरीय निकायों एवं ग्रामों में भी जनप्रतिनिधियों के माध्यम से लोगों को अपने घर में झण्डा फ्हराने हेतु प्रोत्साहित करें। बैठक में गो-धन न्याय योजना स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल के संबंध में जानकारी ली। बैठक में जिला पंचायत सीईओ लीना मण्डावी, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बेमेतरा.युगल किशोर उर्वशा, साजा.धनराज मरकाम, बेरला संदीप ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर विश्वास राव म्हस्के, आरके सोनकर, सुश्री हीरा गवर्ना, नगरीय निकाय के सीएमओ, जनपद पंचायत के सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# अभिनंदन समारोह में संसदीय सचिव चंद्राकर लड्डूओं से तौले गये

## नगर में निकली रैली, टाउन हाल में हुआ गरिमामय कार्यक्रम

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

महासमुंद मेडिकल कॉलेज को नेशनल मेडिकल कमीशन एनएमसी से सौ सीटों के लिए मान्यता मिलने पर विभिन्न संगठनों द्वारा संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर को लड्डुओं से तौलकर अभिनंदन किया गया। आज मंगलवार को चौम्बर ऑफ कॉमर्स, जिला दवा विक्रेता संघ, मार्केट व्यसायी संघ, छात्र संगठन, नागरिक मंच महासमुन्द, चन्द्रनाहू शिक्षण समिति, ओलम्पिक संघ सहित विभिन्न संगठनों द्वारा अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि संसदीय सचिव चंद्राकर का मेडिकल कॉलेज की मान्यता दिलाने के लिए किए गए सराहनीय प्रयास पर स्वागत करते हुए अभिनंदन किया गया। इस दौरान संसदीय सचिव चंद्राकर को लड्डुओं से भी तौला गया। बाद इसके टाउन हाल में चौम्बर ऑफ कॉमर्स, जिला दवा विक्रेता संघ, मार्केट व्यवसायी संघ, छात्र



संगठन, नागरिक मंच महासमुन्द, चन्द्रनाहू शिक्षण समिति, ओलम्पिक संघ सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा अभिनंदन किया गया। अपने संबोधन में संसदीय सचिव चंद्राकर ने मेडिकल कॉलेज की मान्यता मिलने पर कहा कि यह शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि है। इससे जिले में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होने के साथ ही चिकित्सा व शिक्षा के क्षेत्र में उन्नति और उंचाईयों को गति मिलेगी। संसदीय सचिव चंद्राकर ने मेडिकल की स्वीकृति मिलने और मान्यता मिलने के बीच में किए गए अपने प्रयासों का जिक्र करते हुए कहा कि सबसे पहले जमीन का आबंटन कराया गया। बाद इसके कॉलेज में सेटअप के साथ ही मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों के प्रशिक्षण के लिए राज्य शासन की ओर हॉस्पिटल का निर्धारण कराया गया। चिकित्सों की तैनाती व आवश्यक संसाधन जुटाने हरसंभव प्रयास किया गया। विधायक निधि से मेडिकल कॉलेज को 23 लाख रूपए की राशि देने के साथ ही डीएमएफ फंड से राशि दिलवाई गई है। एनएमसी के नार्म्स को पूरा कराने लगातार मानीटरिंग करने के साथ ही मेडिकल कॉलेज प्रबंधन के संर्पक में रहे। तब जाकर एनएमसी से महासमुंद कॉलेज को सौ सीटों की मान्यता मिल सकी है। उन्होंने अभिनंदन के लिए नागरिकों का आभार जताते हुए कहा कि जनता ने विधायक चुनकर जो भरोसा जताया है उस पर खरा उतरने हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन आयोजन समिति के संजय शर्मा ने तथा आभार प्रदर्शन महिला नागरिक बैंक की अध्यक्ष अरूणा शुक्ला ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मण पटेल, मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रश्मि चंद्राकर, अनिता रावटे, सेवनलाल चंद्राकर, दाउलाल चंद्राकर, भूपेश पोपट, ढेलू निषाद, शम्भू साहू, खिलावन बघेल, खिलावन साहू, गोविंद साहू, सुनीता देवव्रत चंद्राकर, प्रमोद तिवारी, योगेश गंडेचा, विनोद चंद्राकर,सचिन गायकवाड़, अरसी अनवर, इमरान कुरैशी, शकुन चंद्राकर, लक्ष्मी सोनी सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण मौजूद थे।

### जगह-जगह आतिशबाजी के साथ किया गया स्वागत

संसदीय सचिव चंद्राकर का कार्यक्रम में पहुंचने से पहले शहर में जगह-जगह आतिशबाजी के साथ स्वागत किया गया। बस स्टैंड से नागरिकों ने संसदीय सचिव चंद्राकर का स्वागत करते हुए टाउन हाल तक लाया गया। बस स्टैंड के पास विनोद चंद्राकर फैंस क्लब, पुराने सैफी पेट्रोल पंप के पास कृषि उपज मंडी समिति के अध्यक्ष व सदस्यों तथा किसानों ने आतिशबाजी के साथ स्वागत किया। बाद इसके कांग्रेस भवन के पास जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर की अगुवाई में स्वागत किया गया। नगरपालिका के पास तथा जनपद के पास जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू व सरपंच संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र चंद्राकर की अगुवाई जनपद सदस्योंए सरपंचों व सचिवों ने स्वागत किया।

### संसदीय सचिव के प्रयासों की सराहना

कार्यक्रम को जिला पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मण पटेल, जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष रश्मि चंद्राकर, भारत स्काउट गाइड संघ के जिलाध्यक्ष दाउलाल चंद्राकर, चौंबर आफ कामर्स के शंभू साहू, दवा विक्रेता संघ के विनोद चंद्राकर, नागरिक मंच के प्रमोद तिवारी, खरोरा की सरपंच सुनीता चंद्राकर ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मेडिकल कॉलेज के लिए किए गए संसदीय सचिव चंद्राकर के प्रयासों की सराहना की।

### स्वागत के लिए उमड़ी नागरिकों की भीड़

*मेडिकल कॉलेज के लिए मान्यता दिलाने पर आयोजित अभिनंदन समारोह में नागरिकों की भीड़ उमड़ पड़ी। शहर के साथ ही विधानसभा क्षेत्र से नागरिक बड़ी संख्या में पहुंचे थे। किसी ने कौड़ी की माला तो किसी ने आकर्षक फूलों की हार से संसदीय सचिव चंद्राकर का अभिनंदन किया।*

## एक नजर

### मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति सहित जिले में 4 लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के रहने वाले 4 लोगों ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस द्वारा चारों प्रकरणों में मर्ग दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी गई है। जिला पुलिस नियंत्रण कक्ष से मिली जानकारी में बताया गया है किए सरायपाली पुलिस थाना क्षेत्र के ग्राम डुडूमचुआ निवासी 40 वर्षीय ग्रामीण उग्रसेन सिदार पिता संतराम सिदार ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के मानसिक रूप से बीमार होने की बात कही गई है। दूसरी घटना महासमुंद के हिंदी भाषा वार्ड क्रमांक 2 की है, यहां रहने वाले 58 वर्षीय अधेड़ ने अज्ञात कारण से फांसी लगा ली, सूचना पर सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा मर्ग दर्ज कर विवेचना में शामिल किया गया हैं। इसी तरह से पिथौरा थाना अंतर्गत ग्राम हरदाना के 22 वर्षीय युवक भानु यादव चंद्रहास यादव ने ग्राम हल्दी के दादर खार स्थित विकास पटेल के खेत में फांसी लगाकर जान दे दी। चौथी घटना तेंदूकोना खाने के बुंदेली चौकी अंतर्गत ग्राम चूरुपाली की है। यहां के रहने वाले कोमल चंद पिता चौनूसिंह साहू 29 साल ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में 53 बच्चे कोरोना संक्रमित

कलेक्टर ने दिये जरूरी निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

जिले के सरायपाली के ग्राम छिंदपाली में संचालित जवाहर नवोदय विद्यालय में 53 बच्चे और स्टाफकोरोना संक्रमित पाए गए। संक्रमित बच्चों को जरूरी उपचार किया जा रहा है। सभी बच्चे खतरे से बाहर हैं। कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ने प्राचार्य को बच्चों का बेहतर ध्यान रखने सुविधा मुहैया कराने और डॉक्टरों को सभी जरूरी उपचार एवं दवाइयां उपलब्ध कराने और जांच करने कहा है। बच्चों का रिपोर्ट पॉजिटिव आया था। एक साथ भारी संख्या में बच्चों के संक्रमित होने के पीछे हॉस्टल में एक साथ रुकने व साथ भोजन करने के कारण होना बताया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी में बताया कि घबराने की बात नहीं है। सभी बच्चे और स्टाफ खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। जो ठीक है उन्हें प्राचार्य ने घर सुरक्षित भेजा है।

### फेरी वाले से मारपीट कर लूट

**रायपुर ।** भाठागांव स्थित एचपी पेट्रोल पंप के पास दो युवकों ने एक फेरी वाले से मारपीट कर नकदी सहित कपड़ा लूट लिए। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपियों के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी जमील मेमन 48 वर्ष भाठागांव स्थित एचपी पेट्रोल पंप के पास फेरी लगाकर कपड़ा बेचता है। बताया जाता है कि कल रात आरोपी छोटू अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर प्रार्थी के पास आया और पैसे की मांग किया। प्रार्थी द्वारा पैसे नहीं देने पर आरोपियों ने डरा धमका कर उसके पास रखे नकदी 450 रुपए सहित कपड़ा लूट लिए। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 392 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत जिले में गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को दिया जा रहा गरम भोजन

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान अंतर्गत गर्भवती एनीमिक शिशुवती माताओं को पौष्टिक गरम भोजन से लाभांवित बेमेतरा जिले अंतर्गत मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान अंतर्गत 06 माह से 36 माह तक के बच्चों को पौष्टिक गरम भोजन खिचड़ी एवं 06 माह से 06 वर्ष तक के बच्चों को सप्ताह में तीन दिवस अण्डा,केला वितरित किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि इसके अलावा सप्ताह में तीन दिवस गुड़ व चना एवं एनीमिक शिशुवती माताओं को गरम भोजन प्रदाय किया जा रहा है। 16 जुलाई 2022 को संचालक संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग अटल नगर नवा रायपुर द्वारा मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान अंतर्गत गर्भवती माताओं को भी गरम भोजन से लाभांवित करने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है। उक्त निर्देश के परिपालन में बेमेतरा जिले अतंर्गत एमपी आर. जून 2022, गर्भवती माताओं की संख्या लगभग 7858 एवं लगभग 90 प्रतिशत एनीमिक शिशुवती माताओं की संख्या लगभग 7169 कुल 15027 एवं वजन त्यौहार वर्ष 2021 के अनुसार 06 माह से 03 वर्ष तक के कुल 8834 कुपोषित बच्चों एवं 03 वर्ष से 06 वर्ष तक कुल 8356 कुपोषित बच्चों को योजनांतर्गत लाभांवित करने हेतु चिन्हांकित किया गया है। गर्भवती माताओं एनीमिक शिशुवती माताओं एवं 06 माह से 06 वर्ष तक के कुपोषित बच्चों को मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान अंतर्गत लाभांवित करने हेतु मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान अंतर्गत अतिरिक्त पोषण आहार आंगनबाड़ी केन्द्रों में प्रदाय किया जा रहा है साथ ऐसे गर्भवती/एनीमिक शिशुवती माताएं जो आंगनबाड़ी केन्द्र आने सक्षम नहीं है उन्हे आंगनबाड़ी कार्यकर्ताध्सहायिका के द्वारा टिफीन के माध्यम से घर जाकर उपलब्ध कराया जा रहा हैं।

# लेदरी पाराडोल मार्ग पर हसदेव नदी पर निर्मित पुल पर विभाग ने जनसुविधा के लिए किया आवश्यक संधारण

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।



लेदरी पाराडोल मार्ग पर हसदेव नदी पर निर्मित उच्च स्तरीय पुल का निर्माण लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण के अंतर्गत किया गया है। पुल निर्माण के बाद मिट्टी फिलिंग से संबंधित आवश्यक संधारण की जानकारी संज्ञान में आते ही कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने संबंधित विभाग को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश के पालन में अनुविभागीय अधिकारी सेतु निर्माण द्वारा स्थल का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि स्थल निरीक्षण के बाद अनुबंधक को निराकरण के कड़े निर्देश दिए गए और उक्त सुधार कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि मरम्मत कार्य को 3 वर्ष तक भविष्य में पीजी अंतर्गत अनुबंधक द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में पुल एवं पहुंच मार्ग को कोई क्षति नहीं पहुंची है। ग्रामवासियों का आवागमन और वाहनों का आना.जाना सुचारू रूप से चल रहा है।




## आवश्यकता है

| | | पद |
|---|---|---|
| 1. समाचार रिपोर्टर | - | 3 |
| 2. कम्प्यूटर आपरेटर | - | 1 |
| 3. ऑफिस कार्य के लिए | - | 3 |

वेतन योग्यतानुसार

इच्छुक युवक/युवति अपना बायोडाटा के साथ संपर्क करें।

दैनिक जोहार छत्तीसगढ़
कार्यालय धरमजयगढ़
मो, 9479177711, 7489419194 ,7879121221


# वन भूमि अधिकार पत्र की मांग को लेकर ग्रामीणों ने जन चौपाल में कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

वर्ष 1990 के पूर्व से वन भूमि पर अतिक्रमण कर कृषि कार्य करते आ रहे हैं सॉरी पंचायत क्षेत्र के भूमिहीनों ने आज कलेक्टर के जन चौपाल कार्यक्रम में उपस्थित होकर अधिक्रमित वन भूमि का अधिकार पत्र दिए जाने की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। वन भूमि अधिकार पत्र की मांग करने वालों में सोरिद के ईश्वर प्रसाद ध्रुव बाबू लाल यादव, कन्हैया ध्रुव, भुवनलाल ध्रुव, अर्जुन यादव, कन्हैया लाल यादव, अर्जुन ध्रुव, कंगलू यादव, जोहरी बाई सहिंस और आश्रित ग्राम चोर भट्टी के छोटे लाल खुटे, बाबू लाल यादव उदयन भारती कनक साहू गोधन साहू और दीवान मिस्त्री ने कलेक्टर को सौंपे मांग पत्र में बताया है कि वे लोग वन कक्ष क्रमांक 804 के भाग में साल 1990 के पूर्व से खेत तैयार करें काश्तकारी करते हुए अपना व परिवार का भरण पोषण करते आ रहे हैं।

# अब 1 घंटे अधिक पढ़ाना होगा शिक्षकों को,कलेक्टर ने जारी किया आदेश

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



पढ़ाई की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए अब स्कूलों में अतिरिक्त क्लास लगाने का आदेश जिला कलेक्टर रानू साहू ने जारी किया है। कलेक्टर ने आदेश को कड़ाई से पालन कराने का निर्देश दिया है आदेश में बताया गया है 25 जुलाई 2022 से 29 जुलाई 2022 तक शिक्षकों द्वारा सामूहिक अवकाश लेकर हड़ताल में चले जाने के कारण बच्चों की पढ़ाई में व्यवधान उत्पन्न हुआ है। जिसकी भरपाई के लिए शालाओं में 1 घंटे अतिरिक्त समय देकर विद्यार्थियों को अध्यापन कार्य कराने हेतु अदेशित किया गया है। कलेक्टर ने अपने आदेश उल्ले किया है कि उपरोक्त निर्देशों को कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें एवं पालन प्रतिवेदन जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से उपलब्ध करायें। अब देखना है कि कलेक्टर के आदेश को कितना गंभीरता से शिक्षा विभाग लेते हैं। क्योंकि ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में शिक्षक को कई-कई दिनों तक नदारत रहते हैं तो ऐसे शिक्षकों पर जिलर कलेक्टर का यह आदेश कितना कारगार सबित होगा। ये तो समय ही बतायेगा।

# बीसी ग्रुप की महिलाओं ने सावन उत्सव मनाया

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

बीसी ग्रुप की महिलाओं ने बबलू ढाबा में सावन उत्सव बड़े ही उमंग और उत्साह के साथ मनाया। जिसमें संकल्प महिला समूह की महिलाओं की उपस्थिति रही और इनकी उपस्थिति में रंगोली प्रतियोगिताएं गायन, नृत्य, चुटकुले, प्रश्नोत्तरी जैसे प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।



तत्पश्चात आकर्षण का केंद्र रही सावन सुंदरी प्रतियोगिता जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें नम्रता जायसवाल को सावन सुंदरी के रूप में चुना गया वही गेम प्रतियोगिता में अन्नपूर्णा चंदेल व सुषमा केसरवानी विजेता रहीतत्पश्चात समस्त प्रतिभागियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। समस्त प्रतियोगिता हेतु निर्णायक मंडली के रूप में बीसी ग्रुप की वरिष्ठ महिलाओं ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। उक्त कार्यक्रम में इस बार की सावन सुंदरी नम्रता जयसवाल ने अपने संबोधन में कहा की ऐसा आयोजन महिलाओं में आत्मविश्वास पैदा करता है हमारे ग्रुप के सभी महिलाओं में गजब का उत्साह देखने को मिला निश्चित ही यह प्रयास अनवरत रूप से जारी रहेगा। कार्यक्रम का शानदार संचालन अन्नपूर्णा चंदेल ने किया और सुषमा केसरवानी ने समस्त प्रतिभागियों का अभिनंदन किया तथा निर्णायक मंडल के प्रति आभार प्रकट किया उन्होंने कहा की यह आयोजन भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं को संरक्षित करने का अनूठा प्रयास है। उन्होंने कहा इस प्रतियोगिता और सावन सुंदरी उत्सव से सभी महिलाओं को मेल मिलाप कर एक दूसरे के साथ मिलने का अवसर प्रदान होता है सभी हरे रंग की साड़ी में बहुत ही सुंदर लग रही थी इसी के साथ नम्रता जायसवाल ने सावन सुंदरी चुने जाने पर सभी महिलाओं का धन्यवाद प्रेषित किया।

# कलेक्टर ने बारगांव एवं सरदा का दौरा कर अल्पवर्षा से उत्पन्न स्थिति की जानकारी ली

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



प्रदेश के मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने कल सोमवार को वीडियों कांफ्रेंसिंग के जरिए कलेक्टर एवं संभागायुक्तों की बैठक लेकर अल्प वर्षा से उत्पन्न स्थिति से निपटने आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों के किसानों से चर्चा कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी लेने के निर्देश दिए थे। मुख्य सचिव ने कलेक्टरों को ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर फसलों की स्थिति का जायजा लेने और राहत प्रदान करने के निए आवश्यक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए थे। इसी के अनुपालन में कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने आज मंगलवार को समय-सीमा बैठक के पश्चात् बेरला विकासखण्ड के अन्तर्गत ग्राम बारगांव एवं सरदा का दौरा कर अल्पवर्षा से उत्पन्न स्थिति का जायजा लिया। कलेक्टर एवं अपर कलेक्टर डॉण् अनिल बाजपेयी ने ग्रामीणों से चर्चा कर उनके खेत का भी मुआयना किया। किसानों ने बताया कि आगामी एक सप्ताह में यदि बारिश नहीं होती है तो फसल के उत्पादन में विपरित प्रभाव पड़ सकता है और किसानों को नुकसान झेलना पड़ सकता है। कलेक्टर ने राजीव युवा मितान क्लब के युवाओं के साथ बैठकर चर्चा की। ग्रामीणों ने कलेक्टर के समक्ष विद्युत कटौती के संबंध में भी समस्याओं से अवगत कराया। कलेक्टर ने 03 अगस्त को विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर इसका समाधान करने की बात कही। जिलाधीश ने बारगांव से पाहंदा जाने वाली सड़क का भी मुआयना किया और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को इसके मरम्मत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सरदा के गौठान का निरीक्षण किया और महिला स्वसहायता समूह की बहनों से गौठान की गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बेरला संदीप ठाकुर, तहसीलदार बेरला मनोज कुमार गुप्ता सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।



# बिग बॉस 16 का हिस्सा बनना चाहती हैं कनिका मान

***टीवी की जानी-मानी अभिनेत्री कनिका मान जिन्हे कि उनके सीरियल गुड्डन तुमसे ना हो पाएगा में गुड्डन का किरदार निभाने के लिए जाना जाता है, को हाल ही में रोहित शेट्टी के एडवेंचर बेस्ड रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी 12 में प्रतियोगी के रूप में देखा गया था. हाल ही में कनिका ने यह बताया कि अब वे सलमान खान के शो बिग बॉस 16 का भी हिस्सा बनने की इच्छा रखती हैं.***

उन्होंने कहा कि खतरों के खिलाड़ी 12 मेरा पहला रियलिटी शो था और इस शो में मेरे पास समय की एक गेंद थी. इस शो के साथ मेरा अनुभव बहुत ही अच्छा रहा. इस सीजन में हमारे साथ कई प्रतियोगी ऐसे थे, जो कि पहले से ही बिग बॉस का हिस्सा रह चुके थे और वे अक्सर इस शो में उनके अनुभव के विषय में चर्चा करते थे. वे हमेशा मुझसे कहते हैं कि खतरों के खिलाड़ी सबसे अच्छा शो है, लेकिन बिग बॉस की अपनी एक रोलर कोस्टर सवारी है और निश्चित रूप से इसे संजोने का एक अनुभव है. अगर चीजें ऐसी ही होती है तो मैं सच में बिग बॉस का हिस्सा बनना चाहूंगी. अब समय ही बताएगा की आखिर कनिका मान की यह इच्छा पूरी होती है या नही.

रिपोर्ट के मुताबिक नागिन सीरियल के स्टार अर्जुन बिजलानी को भी बिग बॉस 16 के निर्माताओं द्वारा इस शो का हिस्सा बनने के लिए ऑफर दिया गया था, परंतु अर्जुन ने इस शो को एक मैरिज ब्यूरो का करार देते हुए इसके ऑफर को रिजेक्ट कर दिया है. उनका कहना यह था कि लोगों को अक्सर इस घर में आकर प्यार हो जाता है और फिर वे सभी लोग शो से एक जोड़े के रूप में प्यार करते हुए बाहर निकलते हैं.

# सोनाक्षी सिन्हा अपने भाई कुश एस सिन्हा के निर्देशन में अभिनय करने के लिए तैयार



अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा अपने भाई कुश एस सिन्हा के निर्देशन में बनी पहली फिल्म निकिता रॉय एंड द बुक ऑफ डार्कनेस में अभिनय करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। सोनाक्षी सिन्हा के साथ इस फिल्म में परेश रावल और सुहैल नैय्यर भी अहम भूमिका में हैं। निकिता रॉय एंड द बुक ऑफ डार्कनेस का निर्माण एनवीबी फिल्म्स द्वारा किया गया है, जिसके प्रमुख निकी भगनानी, विक्की भगनानी और अंकुर तकरानी, कुश एस सिन्हा की क्रेटोस एंटरटेनमेंट और निकिता पाई फिल्म्स की किंजल घोने हैं। फिल्म के बारे में बात करते हुए, सोनाक्षी कहती हैं, कुश और मैं सही तरह के प्रोजेक्ट के लिए सहयोग करना चाहते थे। आखिरकार, हमें कुछ ऐसा मिला जो हम दोनों को पसंद आया और इसके लिए उत्साहित थे। कुश अपनी बहन सोनाक्षी को प्रतिभाशाली अभिनेत्री कहते हैं। मैंने हमेशा उन फिल्मों में काम करने के लिए उनकी प्रशंसा की है जिन पर वह पूरी तरह से विश्वास करती थीं। मैंने उन्हें एक अभिनेता के रूप में और सिनेमा में उनकी यात्रा को देखा है। अब, मैं भी इसका हिस्सा बनने जा रहा हूं।

# अब कृति सेनन पर चढ़ा बोल्डनेस का खुमार, कैमरे के सामने दिए एक से एक सिजलिंग पोज



एक्ट्रेस कृति सेनन एक्टिंग ही नहीं, बोल्डनेस के मामले में भी किसी से कम नहीं हैं. अक्सर लोग कृति के स्टाइलिश अंदाज को फॉलो करते दिखते हैं. वहीं एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं. आए दिन उनका हॉट और सिजलिंग लुक इंटरनेट का पारा हाई कर देता है. अब फिर से कृति ने लोगों के होश उड़ा दिए हैं. सोशल मीडिया पर कृति सेनन की कुछ लेटेस्ट फोटो वायरल हो रही हैं, जिनमें वह काफी बोल्ड लग रही हैं.

कृति सेनन ने अपने छोटे से फिल्मी करियर में ही यह साबित कर दिया है कि उन्हें कोई भी रोल दिया जाए वह उसमें फिट बैठेंगी. कृति अपने हर रोल को बहुत खूबसूरती से पर्दे पर उतारती हैं. अपनी फिल्मों और एक्टिंग के साथ ही कृति ने अपने लुक्स से भी सभी का ध्यान खींचा है. ऐसे में जहां एक ओर फैंस उनकी फिल्मों के लिए काफी उत्साहित रहते हैं. वहीं, एक्ट्रेस अपने लुक्स की वजह से भी लोगों का ध्यान खींचना नहीं भूलतीं.

इन फोटोज में कृति को ग्रीन कलर की ब्रालेट और शॉर्ट्स पहने देखा जा सकता है. उन्होंने इस ग्लैमरस लुक के कंप्लीट करने के लिए सटल मेकअप किया है और बालों को खुला छोड़ा हुआ है. यहां कृति ने कानों में हूप ईयररिंग्स पहने हैं, जो उनके लुक पर चार चांद लगा रहे हैं. कृति कैमरे के सामने अलग-अलग अदाएं दिखा रही हैं.

इसी के साथ उन्होंने अपनी एक और फोटो साझा की है, जिसमें वह ब्लू कलर की ट्रांसपेरेंट ड्रेस पहन पूल किनारे पोज दे रही हैं. इस लुक में बेहद हॉट दिख रही हैं. फैंस के लिए उन पर नजरें हटाना भी मुश्किल हो गया है.

वहीं, कृति के वर्क फ्रंट की बात करें तो पिछले काफी समय से वह साउथ सुपरस्टार प्रभास की मेगाबजट फिल्म आदिपुरुष को लेकर चर्चा में हैं. इसके अलावा उन्हें गणपथ, भेड़िया और शहजादा जैसी फिल्मों में भी देखा जाने वाला है.

## खेल

कॉमनवेल्थ गेम्स का पांचवां दिन

# भारत की पूनम यादव का फाइनल मुकाबला शुरू, पहले प्रयास में 95KG वेट उठाएंगी भारतीय वेटलिफ्टर

कॉमनवेल्थ गेम्स में मंगलवार को पांचवें दिन के मुकाबले जारी हैं। भारतीय वेटलिफ्टर पूनम यादव का फाइनल मुकाबला शुरू हो चुका है। पूनम विमेंस 76 KG कैटेगरी में भारत को रिप्रजेंट कर रही हैं। वे स्नैच के पहले प्रयास में 95चत्र वेट उठाएंगी।




क्लीन एंड जर्क में उन्होंने पहले प्रयास के तौर पर 116 चत्र वेट रजिस्टर करवा रखा है। कुल 11 वेटलिफ्टर्स में पूनम के अलावा सिर्फ कनाडा की माया टेलर ने स्नैच में 95 KG वेट रजिस्टर करवाया है। क्लीन एंड जर्क में माया ने 120 KG का वेट रजिस्टर करवाया है। इन आंकड़ों के आधार पर कहा जा सकता है कि गोल्ड मेडल के लिए मुख्य मुकाबला पूनम और माया के बीच हो सकता है।

नौरू की मैक्सिमा यूएपा 90 KG वेट उठाकर फिलहाल सबसे आगे चल रही हैं। ऑस्ट्रेलिया की एबोनी गोरिंकू 89 KG वेट उठाया है।

दूसरी ओर भारतीय विमेंस टीम लॉन बॉल्स के पेयर इवेंट के राउंड-1 में न्यूजीलैंड का सामना कर रही है। इसमें तानिया चौधरी और पिंकी की भारतीय जोड़ी 5-1 की बढ़त पर है। विमेन ट्रिपल टीम भी खेल रही है। इस इवेंट में भारतीय टीम 5-2 की बढ़त पर है।

### मिशन बर्मिंघम पर भारतीय पहलवान

भारतीय रेसलिंग टीम मंगलवार को कॉमनवेल्थ गेम्स में हिस्सा लेने के लिए बर्मिंघम के लिए रवाना हो गई। SAI ने टीम के रवानगी से पहले का फोटो पोस्ट किया है। कॉमनवेल्थ गेम्स में आज समूचे हिंदुस्तान को फिर एक बार मेडल्स की उम्मीद रहेगी। भारत के लिए दोपहर 2 बजे वेटलिफ्टिंग के विमेंस 76 KG ऑल ग्रुप्स में पूनम यादव का मैच होगा। दोपहर 3 बजे स्विमिंग एंड पैरा स्विमिंग के मेंस 200 मीटर बैकस्ट्रोक हीट्स में श्रीहरि नटराज मोर्चा संभालेंगे।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महंगे ओवर के बाद डियांड्रा डॉटिन ने लिया संन्यास



**नई दिल्ली ।** वेस्टइंडीज की स्टार ऑलराउंडर डियांड्रा डॉटिन ने तुरंत प्रभाव से (1 अगस्त) इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का फैसला ले लिया है। बारबाडोस को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कॉमनवेल्थ गेम्स में 9 विकेट से हार का सामना करना पड़ा और इस हार के कुछ ही घंटे बाद डियांड्रा ने संन्यास का फैसला सुनाया। इस मैच में डियांड्रा ने 8 गेंद पर 22 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली थी, लेकिन गेंदबाजी के दौरान उन्होंने अपने एक ओवर में 25 रन खर्च डाले। डॉटिन ने ट्विटर पर लिखा, मेरे क्रिकेट करियर के दौरान कई बाधाएं आईं और मैंने उन सबसे पार पाया है। मौजूदा टीम का माहौल ऐसा नहीं है कि मैं खेल के प्रति अपने जुनून को लेकर चल सकूं। दुख के साथ लेकिन बिना किसी पछतावे से मैं कहना चाहती हूं कि मैं अब इस टीम में फिट नहीं होती हूं। 2008 में अपना इंटरनेशनल करियर शुरू करने वाली डियांड्रा ने अभी तक कुल 143 वनडे और 126 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं। इस दौरान उनके बल्ले से 3727 वनडे और 2697 टी20 इंटरनेशनल रन निकले हैं, इसके अलावा उन्होंने दोनों फॉर्मेट में क्रम से 72 और 62 विकेट भी लिए हैं।

## एक नजर

# न्यूजीलैंड ने एकमात्र ओडीआई मैच में स्कॉटलैंड को हराया, मार्क चैपमैन ने दो देशों के लिए ठोका शतक



**नई दिल्ली ।** रविवार 31 जुलाई को न्यूजीलैंड और स्कॉटलैंड के बीच एकमात्र वनडे इंटरनेशनल मैच खेला गया। स्कॉटलैंड के दौरे पर आई न्यूजीलैंड की टीम ने यहां दो टी20 मैच और एक वनडे मैच की सीरीज खेली, जिसमें कीवी टीम ने मेजबान टीम का सूपड़ा साफ कर दिया। एकमात्र ओडीआई मैच में स्कॉटलैंड को न्यूजीलैंड ने 7 विकेट से हरा दिया। इस मैच में मार्क चैपमैन ने तूफानी शतकीय पारी खेली और टीम को जीत दिलाने का काम किया। मार्क चैपमैन दो देशों के लिए शतक ठोकने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने पहले हॉन्गकॉन्ग के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट की शुरुआत की थी और अपने डेब्यू ओडीआई मैच में शतक ठोका था। वहीं, अब उन्होंने न्यूजीलैंड के लिए खेलते हुए शतक जड़ने का काम किया। मार्क चैपमैन ने इस मुकाबले में 74 गेंदों में शतक पूरा किया। उन्होंने 75 गेंदों में 6 चौके और 7 छक्कों की मदद से कुल 101 रन बनाए और उनका स्ट्राइकरेट 134.67 का था।

# ट्रिस्टन स्टब्स बन गए सुपरमैन, हवा में छलांग लगाकर एक हाथ से पकड़ा हैरतअंगेज कैच



**नई दिल्ली ।** साउथ अफ्रीका के युवा खिलाड़ी ट्रिस्टन स्टब्स ने टीम के लिए अपना 100 फीसदी देते नजर आ रहे हैं। फिर चाहे बात बल्लेबाजी की हो या फिर फील्डिंग की। हालांकि, गेंदबाजी के मामले में उनका सिक्का नहीं चला है, लेकिन बल्ले से वे प्रभावी रहे हैं। उनकी फील्डिंग का स्तर भी अच्छा रहा है, लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टी20 इंटरनेशनल मैच में वे सुपरमैन बन गए। उन्होंने हवा में छलांग लगाकर एक हाथ से एक ऐसा हैरतअंगेज कैच पकड़ा, जिसे देखक हर कोई हैरान था। दरअसल, 192 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम के खिलाफ 10वां ओवर एडन मार्कम कराने आए।

# कॉमनवेल्थ गेम्स में महिला कप्तान ने तोड़ा धोनी का रिकॉर्ड

हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व में भारतीय महिला टीम ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में 42वीं जीत दर्ज की। इस जीत के साथ कप्तान हरमनप्रीत कौर ने महेंद्र सिंह धोनी का बड़ा रिकॉर्ड तोड़ दिया।




2007 टी20 वर्ल्ड कप विजेता कप्तान एमएस धोनी के नेतृत्व में भारतीय टीम ने 41 टी20 इंटरनेशनल मैच जीते हैं। इस लिस्ट में तीसरे स्थान पर पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली हैं, जिनकी कप्तानी में भारतीय टीम ने टी20 इंटरनेशनल प्रारूप में 30 मैचों में जीत हैं।

हरमनप्रीत सबसे ज्यादा टी20 मैच जीतने वाली भारतीय कप्तान बन गईं। बता दें कि ये कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पहली जीत है। भारतीय टीम ने ग्रुप-ए के दूसरे मुकाबले में पाकिस्तान को आठ विकेट से हरा दिया। एक समय में कहा जाता था कि क्रिकेट पुरुषों का खेल है, लेकिन हरमनप्रीत ने इस रिकॉर्ड को अपने नाम कर के साबित कर दिया कि महिलाएं भी पुरुषों से किसी भी मायने में कम नहीं है।

# वेटलिफ्टिंग में भारत को दूसरा गोल्ड, 19 वर्षीय जेरेमी ने जीता स्वर्ण पदक

**बर्मिंघम ।** भारत के जेरेमी लालरिननुंगा ने राष्ट्रमंडल खेलों की भारोत्तोलन प्रतियोगिता के 67 किलोग्राम भारवर्ग में रविवार को नए गेम्स रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीत लिया। भारत का इन खेलों में यह दूसरा स्वर्ण और कुल पांचवां पदक है। जेरेमी लालरिननुंगा ने स्नैच में अपने दूसरे प्रयास में 140 किलोग्राम उठाया। उन्होंने क्लीन एंड जर्क में अपने दूसरे प्रयास में 160 किलो वजन उठाकर कुल 300 किलोग्राम का नया गेम्स रिकॉर्ड बनाया।

जेरेमी लालरिननुंगा ने स्नैच में भी नया गेम्स रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने पहले प्रयास में 136 किलो वजन उठाया। उनका दूसरा सफल प्रयास 140 किलो था। उन्होंने तीसरे प्रयास में 143 किलो वजन उठाने की कोशिश की लेकिन विफल रहे। उन्हें 10 किलो की बढ़त मिल चुकी थी।



क्लीन एंड जर्क में उनका पहला प्रयास 154 और दूसरा 160 किलो था। जेरेमी का 165 किलो का तीसरा प्रयास विफल रहा। लेकिन तब तक स्वर्ण उनकी झोली में आ चुका था। मीराबाई चानू ने कल भारोत्तोलन में भारत को खेलों का पहला स्वर्ण दिलाया था। सामोआ के विपावा नेवो इयोन (127 और 166) को रजत तथा नाइजीरिया के एडीडीओंग जोसफ उमॉफिया (130 और 160) को कांस्य पदक मिला।

# रोजगार के लिए आवेदन लेकर आयी महिला को कलेक्टर ने जनदर्शन में ही सौंप दिया नियुक्ति पत्र

## कलेक्टर साहू ने जनदर्शन में सुनी आमजन की समस्याएं, निराकरण के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश









जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर रानू साहू की संवेदनशील पहल से आज एक महिला जो जनदर्शन में रोजगार के लिए आवेदन लेकर पहुंची थी, उसे जनदर्शन में ही नियुक्ति पत्र तैयार कर दे दिया गया। दरअसल ग्राम तरकेला निवासी लीला पटेल द्वारा नौकरी के संबंध में कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन लेकर पहुंची थी। उन्होंने बताया कि उनके पति शिक्षा कर्मी वर्ग एक में कार्यरत थे, जिनकी मृत्यु होने के पश्चात आय का कोई साधन नहीं होने पर आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उपरोक्त आवेदन पर तत्काल कार्रवाही करते हुए कलेक्टर साहू ने लीला पटेल को स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कोतरा में आया के पद पर तत्काल नियुक्त करने के निर्देश दिए। जिसका नियुक्ति पत्र उन्होंने जनदर्शन में ही लीला पटेल को सौंप दिया। लीला पटेल ने इस पहल पर कलेक्टर साहू के प्रति आभार जताते हुए कहा कि अब वे स्वयं से अपने पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकेंगी। जनदर्शन में विकासखड पुसौर ग्राम लोहरसिंह निवासी खगेश्वर पाव द्वारा अपने पिता के करेंट लगने पर मृत्यु होने पर आर्थिक सहायता के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे थे। उन्होंने कलेक्टर साहू को बताया कि आज पर्यन्त सहायता राशि का भुगतान नहीं किया गया है। कलेक्टर साहू द्वारा सहायता राशि वितरण पर देरी पर सीएसपीडीसीएल के अधिकारियों पर गहरी नाराजगी जताते हुए आवेदन पर तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सीएसपीडीसीएल के अधिकारियों को आर्थिक सहायता से संबंधित जानकारी सभी जनपद सीईओ को प्रदान करने के निर्देश दिए। जिससे इस प्रकार के प्रकरण में पीड़ितों को समय में आर्थिक सहायता का लाभ प्रदान किया जा सके। ग्राम लेबड़ा निवासी श्री अमृत लाल ने आंख की रोशनी जाने के कारण कार्य करने में दिक्कत होने तथा राशन कार्ड व पेंशन जैसे सुविधा के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे। उन्होंने कलेक्टर साहू को बताया कि कार्य करने के दौरान आंख में चोट लगने के कारण उनको 40 प्रतिशत कम दिखाई देता है, जो इलाज के बाद भी ठीक नहीं हो पाया। जिससे कार्य करने की क्षमता प्रभावित हुई है एवं दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जिस पर कलेक्टर साहू ने सीईओ जनपद पंचायत को आवेदक के पात्रतानुसार शासन की योजना का लाभ प्रदान कर आवेदन के जल्द निराकरण के निर्देश दिए। इसी प्रकार ग्राम पंचायत गेरवानी के सरपंच एवं पंच द्वारा गोठान समिति के भुगतान के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे थे। उनका कहना कि महिला समूह द्वारा विगत 10 माह से कार्य किया जा रहा है। जिससे समूह को आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर कलेक्टर साहू ने सीईओ जिला पंचायत को कार्यवाही के निर्देश दिए। जनदर्शन में आज लगभग 120 लोगों ने कलेक्टर साहू को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने सभी आवेदकों की समस्याओं को सुनकर उपस्थित सभी अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर साहू ने कहा कि जनदर्शन में आने वाले बिजली, पेंशन, राजस्व जैसे प्रकरणों पर प्राथमिकता के साथ निराकरण किया जाए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, निगम आयुक्त संबित मिश्रा, डीएफओ सुश्री स्टायलो मंडावी एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### वेणुधर को मिली मोटराईज्ड ट्रायसाइकिल

जनदर्शन में सरिया से वेणुधर पात्रा भी पहुंचे हुए थे। उन्होंने बताया कि वे दोनों पैर से दिव्यांग है तथा हाथ के सहारे लकड़ी के काठा से चलते है। जिससे उन्हें कही आने-जाने में बहुत परेशानी होती है। कलेक्टर साहू ने उनकी समस्या देखते हुए तत्काल समाज कल्याण अधिकारी को उन्हें मोटराईज्ड ट्रायसाइकिल उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। जिसे जनदर्शन में ही उन्हें सौंप दिया गया। इसके साथ ही खरसिया के नारायण दास भी जनदर्शन में पहुंचे थे। उन्हें भी मोटराईज्ड ट्रायसाइकिल दी गयी। दोनों हितग्राहियों ने कहा कि अब उन्हें कही आने-जाने में सहुलियत होगी। उन्होंने इसके लिए कलेक्टर श्रीमती साहू का आभार जताया।

### पांच आवेदकों को जनदर्शन में ही बनकर मिला राशनकार्ड

जनदर्शन में कुमारी बाई, दीप कुमारी, कौशल्या पटेल, हीराबाई तथा रीमा देवी द्वारा राशन कार्ड बनाए जाने के संबंध में आवेदन लेकर आए थे। जिस पर कलेक्टर साहू ने खाद्य विभाग से पात्रता की जांच कर तत्काल आवेदको के राशन कार्ड बनाने के निर्देश दिए। जिस पर खाद्य विभाग द्वारा आवेदको के तत्काल प्राथमिकता राशन कार्ड बनाया गया। जिसे कलेक्टर साहू ने कुमारी बाई, दीप कुमारी, कोशल्या पटेल, हीराबाई तथा रीमा देवी को जनदर्शन में ही राशन कार्ड प्रदान किया। राशन कार्ड मिलने पर सभी आवेदकों ने कलेक्टर श्रीमती साहू को आभार व्यक्त किया।

एक नजर

# ड्राइवर और हेल्पर ने किराना व्यावसायी को पीट-पीटकर मार डाला! दोनों गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लाखा से हत्या का मामला सामने आया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर, हत्या करने वाले दो आरोपियों को हिरासत में लिया है। आरोपियों के विरुद्ध आईपीसी की धारा 302, 323,506, 34 के तहत मामला दर्ज किया गया है। जिन्हें कल रिमांड पर जेल भेजा जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार मृतक बंशीधर यादव पिता अर्जुन यादव उम्र 55 वर्ष ग्राम लाखा में किराना दुकान संचालित करता था। जिसकी दुकान पर आज सेसो कुमार यादव और विभास प्रजा आए हुए थे। इसी बीच मृतक ने दोनों के ऊपर मवेशी को चोरी कर बेचने का आरोप लगाया, जिस बात को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद बढ़ता गया और मृतक ने दोनों आरोपियों को डंडे से मारने लगा। जिसके बाद दोनों आरोपियों ने बुजुर्ग मृतक को डंडे से मारा, तो वह घायल हो गया। घायल स्थिति में बुजुर्ग को अस्पताल लाया गया, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

### बीच-बचाव करने आई बेटी से भी मारपीट और जान से मारने की धमकी

पिता को डंडे से मारपीट करते देख बेटी इंदुमती बीच-बचाव करने के लिए आई। तब दोनों आरोपियों ने उसे जान से मार देने की धमकी देते हुए डंडा से मारपीट किया।

आरोपी सेसो कुमार यादव पिता गोविंद राम यादव उम्र 30 साल निवासी जमरगीडीह थाना धरमजयगढ, हाल मुकाम लाखा न्यू बस्ती थाना कोतवाली रायगढ़, विभाष प्रजा पिता मकुंद राम प्रजा उम्र 28 साल निवासी तोलगे थाना लैलूंगा।

# कायाकल्प स्वच्छ अस्पताल योजना में बीजापुर जिला अस्पताल को मिला प्रथम पुरस्कार

### कायाकल्प स्वच्छ अस्पताल योजना 2021-22 की हुई घोषणा

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।

प्रदेश की स्वास्थ्य सुविधाओं को राज्य सरकार लगातार बेहतर बनाने का प्रयास कर रही है। इसके लिए राज्य सरकार बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के लिए कायाकल्प योजना का क्रियान्वयन कर रही है। इस योजना के अंतर्गत विभिन्न मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सरकारी अस्पतालों को पुरस्कृत किया जाता है। इसी क्रम में सोमवार को राज्य स्तर पर दिए जाने वाले पुरस्कारों की घोषणा की गई। जिसमें बीजापुर जिला अस्पताल ने राज्य में प्रथम स्थान हासिल किया है वहीं कवर्धा जिला अस्पताल ने दूसरा स्थान हासिल किया है।

कायाकल्प स्वच्छ अस्पताल योजना 2021.22 के अंतर्गत 14 जिला अस्पतालों, 32 सिविल अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, 178 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, 30 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं 224 उप स्वास्थ्य केंद्रों हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर को शामिल किया गया था। जिन स्वास्थ्य केन्द्रों के द्वारा 70 प्रतिशत या अधिक अंक हासिल किये गए हैं उन्हें कायाकल्प स्वच्छ अस्पताल योजना के तहत विजेता, उपविजेता एवं अन्य को सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा। इस सम्बन्ध में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छत्तीसगढ़ के मिशन संचालक की ओर से पत्र जारी कर राज्य में कायाकल्प पुरस्कारों की घोषणा की गयी है। कायाकल्प अभियान के अंतर्गत प्रदेश में संचालित स्वास्थ्य संस्थाओं में सफाई प्रबंधन, रोग संक्रमण नियंत्रण, भवन एवं परिसर सौंदर्यकरण, रुग्ण सेवा में सुधार, के लिए समयबद्ध कार्यक्रम घोषित किया गया है। जिला अस्पताल की श्रेणी में बीजापुर जिला अस्पताल 87.53 प्रतिशत अंक हासिल करते हुए प्रथम स्थान पर और जिला अस्पताल कवर्धा ने 85.71 प्रतिशत अंक हासिल करते हुए दूसरे स्थान पर रहा है। जिला अस्पताल की श्रेणी में कुल 14 पुरस्कारों की घोषणा की गई है।

# रामानंद धृतलहरें ने पुनः दिया आवेदन

### थाना से लेकर मुख्यमंत्री तक देख चुका है आवेदन*

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



बेमेतरा जिला में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा में 30 मार्च 2022 को रामानंद धृतलहरें पिता भागबली धृतलहरें उम्र 50 साल निवासी ताला थाना बेमेतरा के द्वारा यह रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी बेटी नाबालिक जिसकी उम्र लगभग 16 साल की है जो शौच के लिए शाम 6 बजे गई थी जिसके बाद वह घर वापस नहीं आई और आज दिनांक तक वह घर नहीं पहुंची जिसे लेकर रामानंद धृतलहरें द्वारा लगातार मनोवैज्ञानिक तरीके से इधर-उधर लोगों से पूछताछ कर रहा था इसी दरमियान में उसे कुछ सूत्रों के अनुसार यह जानकारी मिला कि उससे बेमेतरा जिला के ही निवासी द्वारा बहला-फुसलाकर ले गया है और उन्हें यहां भी शक है कि उसी ने हीं उसकी बेटी को अपने पास अभी तक रखा है जिसकी लगातार पुलिस प्रशासन द्वारा जांच पड़ताल की जा रही है रामानंद धृतलहरें

जो एक साधारण किसान है जो लगातार थाना सिटी कोतवाली पुलिस अधीक्षक बेमेतरा से लेकर नगरीय प्रशासन मंत्री, गृह मंत्री, मुख्यमंत्री तक भी आवेदन दे चुका है मगर आज दिनांक तक किसी भी प्रकार का कोई संतुष्टि पूर्ण जवाब पुलिस प्रशासन से नहीं मिला और उनकी बेटी का आज तक पता नहीं चल पाया है मामला कई प्रकार से उल्टे सीधे होकर गुजर रहा है कारण यह है कि आवेदन कर्ता ने बताया कि मोबाइल के जरिए से भी पता चला कि लड़की और लड़का एक साथ है और कहां है उसके बाद उसने जिस से जिस से मुलाकात किया उसके भी कुछ जानकारी एकत्रित हुई है तथा लड़के के पिता द्वारा लगातार गाली गलौज उनके गांव पर ही आकर दिया गया जिसका भी अपराध सिटी कोतवाली थाना में दर्ज हो चुका है मगर वह भी पूरी तरीके से न होकर खानापूर्ति टाइप का क्योंकि लड़के के पिता द्वारा बहुत ही अभद्र रूप से असभ्यता से और घर के बाहर खड़े होकर चिल्लाना और जातिसूचक गाली देने का कार्य किया जिसे गांव के लोग सुने और देखें हैं मगर थाना प्रभारी द्वारा इस बात को सिर्फ हल्के में लेते हुए सिर्फ गाली गलौज का ही मुकदमा कायम किया जिस पर आज भी आवेदक तथा गांव वालों को पुलिस प्रशासन से नाराजगी अभी तक जारी है और मामला को जोड़ते हुए या भी लोगों का कहना है कि जिस प्रकार से लड़के की पतासाजी कर पकड़ नहीं पाना और लड़के के पिता का इस तरह से रवैया अपनाना जिससे साबित हो रहा है कि कुछ राजनीतिक कारण भी हो सकता है।

# विजयनगर गांव के आस पास ग्राम में हाथियों ने मचाया उत्पात, खेत में लगे फसल को किया चौपट

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



धरमजयगढ वन मंडल अंतर्गत हाथियों की मौजूदगी लगातार बनी हुई है कभी धरमजयगढ रेंज तो कभी छाल रेंज में तो वहीं कभी बाकारूमा रेंज में हाथियो का उत्पात लगातार जारी है जिसे लेकर प्रभावित ग्रामवासी खासा परेशान है वहीं वन विभाग इस विकट समस्या से निजात दिलाने में कहीं न कहीं फेल होती नजर आ रही है ।

इसी कड़ी में आपको बता दें, बिती रात कापू रेंज के विजयनगर अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में हाथियों की घुसपैठ की ख़बर आई है वही ओंगना गांव में भी किसानों की फसल को हाथी नुकसान पहुंचाए हैं।कुलमिलाकर कई किसानों की फसल को हाथी नुकसान पहुंचाए है। धरमजयगढ वनमण्डल व सरगुजा के सरहदी इलाके में कापू रेंज अंतर्गत हाथियों का उत्पात जारी है करीब 11 हाथियों का महादल विचरण कर रहा है जो करीब 3 दिनों से क्षेत्र में डेरा जमाय हुआ है और लगातार किसानों की लहलहाती धान की फसलों को पैरों तले रौंदकर अस्त व्यस्त कर रहे हैं जिसे लेकर किसान बहुत ज्यादा चिंतित नजर आ रहे हैं वहीं बात अगर वन विभाग की करें तो हाथी से क्षेत्रवासियों को स्थायी समाधान दिलाने में कहीं न कहीं पूरी तरह से फेल होती नजर आ रही हैं इन हालातों में संबंधित हाथी प्रभावित ग्रामीण हाथी की इस विकट समस्या को लेकर परेशान चिंतित हैं ।



एक जानकारी के मुताबिक बता दें,कापू रेंज अंतर्गत विजयनगर एवं उसके आश्रित ग्रामों में साथ ही अलोला से सटे ग्रामों में 11 के दल में हाथी डटे हुए हैं जो लोगों के लिए भारी परेशानी का शबब बना हुआ है।

# कांग्रेस की नीतियों से प्रभावित होकर 16 युवाओं ने किया कांग्रेस प्रवेश

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



कांग्रेस की नीतियों व संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर द्वारा क्षेत्र में कराए जा रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर ग्राम पंचायत बम्हनी के युवाओं ने कांग्रेस प्रवेश किया। संसदीय सचिव चंद्राकर ने कांग्रेस प्रवेश करने वाले युवाओं को गमछा पहनाकर स्वागत किया। मंगलवार को कांग्रेस के ब्लॉक महामंत्री लीलू साहू, डॉ देवकुमार टंडन, रामजी साहू व चंदन साहू के नेतृत्व में बम्हनी के युवा संसदीय सचिव निवास पहुंचे और कांग्रेस की नीतियों व विकास कार्यों से प्रभावित होकर कांग्रेस प्रवेश करने की इच्छा जाहिर की। जिस पर संसदीय सचिव चंद्राकर ने सभी युवाओं को गमछा पहना कर कांग्रेस पार्टी में प्रवेश कराया। कांग्रेस प्रवेश करने वालों में जितेंद्र सोनवानी, गोविंद महिलांग, पुरुषोत्तम बंजारे, लालू जांगड़े, जागेश्वर निराला, परमेश्वर चतुर्वेदी, नागेश रात्रे, सुखदेव जांगड़े, युवराज अजगर, महेंद्र बंजारे,पंकज ढीढी, कमलेश बंजारे, गुनाराम पाल, अजित पाल, महेंद्र यादव व दयालु निषाद शामिल है।

# शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के साथ संस्कृति को आगे बढ़ाने का कर रहे काम-मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

### मुख्यमंत्री ने शिवरीनारायण में कन्नौजिया कुर्मी समाज के धर्मशाला का किया लोकार्पण

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीरचाम्पा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एक दिवसीय जांजगीर चाम्पा जिले के शिवरीनारायण प्रवास पर थे। इस दौरान उन्होंने माता शबरी और भगवान नर नारायण के दर्शन कर मंदिर में पूजा की और कन्नौजिया कुर्मी समाज के धर्मशाला का लोकार्पण किया। यहां आयोजित सामाजिक सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि प्रदेश के विकास में सभी समाज की सहभागिता जरूरी है। उनकी सरकार सभी समाज और वर्ग को साथ लेकर विकास की राह में आगे बढ़ रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की दिशा में जो भी योजनाएं बनाई गई है। उससे सभी समाज के गरीब और जरूरतमंद लोगों का उत्थान हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की अपनी गौरवशाली संस्कृति है। इन्हें संरक्षित करने के





साथ आने वाली पीढ़ी को बताने की दिशा में भी सरकार काम कर रही है। मुख्यमंत्री बघेल ने शिवरीनारायण में कन्नौजिया कुर्मी समाज के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि श्रमदान और सहयोग राशि से धर्मशाला भवन का निर्माण किया गया है। भवन के बनने से समाज के लोग अपनी गतिविधियों को आगे बढ़ाते हुए विकास की राह में आगे बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ के मान सम्मान को आगे बढ़ाने के लिए जो भी जरूरी है वह निर्णय लिया जाता है। सरकार में आते ही सबसे पहले किसानों का कर्ज माफ कर सर्वाधिक समर्थन मूल्य में धान खरीदी शुरू किया गया। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत इस वर्ष 21 मई को पहली किस्त दी गई। दूसरी किस्त 20 अगस्त को तीजा पर्व से पहले दी जाएगी। तीसरी किस्त 01 नवम्बर को और चौथी किस्त 31 मार्च को प्रदान की जाएगी। इसी तरह राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना और गोधन न्याय योजना की राशि भी दी जा रही है।



### सामाजिक सम्मेलन को सम्बोधित कर विकास की राह में आगे बढ़ने की अपील की

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन राशियों से किसानोंए गौपालकों तथा भूमिहीन मजदूरों के आय को बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जांजगीर.चाम्पा जिले में बहुत अच्छा गौठान है। यहां भी गोबर की खरीदी होती है। इससे बनने वाले वर्मी कम्पोस्ट का इस्तेमाल धान उत्पादन में किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पैरा का उपयोग भी खाद बनाने के लिए किया जा सकता है। यह सभी खेतों की उर्वरा शक्ति को बढ़ाने के साथ जमीन को उपजाऊ बनाती है। छत्तीसगढ़ की सरकार गौ सेवा के साथ गोबर और गौ-मूत्र की खरीदी भी कर रही है। गौ-मूत्र से कीटनाशक और गोबर से खाद बनाया जा रहा है। इससे किसानोंए मजदूरों को आर्थिक लाभ पहुच रहा है। स्व.सहायता समूह के माध्यम से रोजगार के नये अवसर विकसित होने के साथ ग्रामीण आद्यौगिक पार्क स्थापना से रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांव-गांव गौठान बनाया गया है। इसका संचालन गांववासी करें और आत्मनिर्भरए स्वावलंबी बने। उन्होंने गांव में अतिक्रमण रोकने के लिए ग्रामीणों को जागरूक बनने की भी अपील की। कार्यक्रम में कन्नौजिया कुर्मी समाज के पदाधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का भव्य स्वागत कर स्मृति चिन्ह भी भेंट की गई। सम्मेलन में छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष महंत रामसुंदर दासए नगर पंचायत शिवरीनारायण अध्यक्ष अंजनी तिवारी,कन्नौजिया कुर्मी समाज के अध्यक्ष छोटेलाल कश्यप और समाज के पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया।

### शिक्षा और स्वास्थ्य में हो रहा बदलाव

*मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव हुआ है। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के माध्यम से गरीब बच्चों को सर्वसुविधायुक्त अध्यापन सुविधाएं मिलने के साथ अंग्रेजी की शिक्षा दी जा रही है। पहले किसी निजी स्कूल में पढ़ाने के लिए अधिक शुल्क देने के साथ पुस्तकों एवं ड्रेस के लिए भी अधिक पैसे खर्च करने पड़ते थे।*

# जब तक बच्चों को अपना नहीं मानेंगे, जिले से कुपोषण कैसे भागेंगे - तारन प्रकाश सिन्हा

जिले से कुपोषण हटाने और एनीमिक महिलाओं को स्वस्थ बनाने शुरू हुआ अभियान

जोहार छत्तीसगढ़–जांजगीर–चाम्पा।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यो की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज के बच्चे, कल के भविष्य है। ये बच्चे बड़े होंगे, देश के नागरिक बनेंगे। यदि यह कुपोषित होंगे तो उनका जीवन यापन कितना कठिन होगा। असामयिक बीमारी और मृत्यु की संभावना बनी रहेगी। हमें नहीं भूलना चाहिए कि हम जिस विभाग में आए हैं। उस विभाग में रहकर हमें क्या करना है। हमारी जिम्मेदारी और कर्तव्य क्या है। हमें काम के बदले वेतन मिलते हैं। हम अपना दायित्व क्यों भूल गए हैं। हमें और भी आगे आकर काम करना होगा। जब तक हम इन कुपोषित बच्चों को अपना या परिवार का बच्चा मानकर इनका मेडिकल जांच नहीं करेंगे, इन्हें पोषण आहार नहीं खिलाएंगे तो जिले से कुपोषण कैसे दूर होगा। आप सभी सक्रिय हो जाइए। आज से लगातार 15 दिन तक अभियान चलाकर जिले से कुपोषण को दूर करने अभियान चलाइये। न सिर्फ कुपोषित बच्चों को सुपोषित बनाना है। गर्भवती और एनीमिक महिलाओं को भी स्वस्थ बनाना है। यह सरकारी काम के साथ एक सेवा का भी काम है। इससे आपकों संतुष्टि के साथ पुण्य भी मिलेगा। इसके लिए पैसे की कोई कमी नहीं है। आप बस ईमानदारी से काम करिए। स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि इस कृषि प्रधान जिले में गंभीर कुपोषित बच्चों और एनीमिक महिलाओं का होना बहुत ही चिंता का विषय है। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लगातार मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के माध्यम से कुपोषण हटाने के लिए अभियान चलाने के साथ बच्चों और महिलाओं के नियमति स्वास्थ्य जांच के निर्देश देते आए हैं। जिले में इस अभियान को सफल बनाने की जिम्मेदारी हमारी है। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि 15 अगस्त तक लगातार घर–घर जाकर आसपास शिविर लगाकर कुपोषित बच्चों और एनीमिक तथा गर्भवती महिलाओं को स्वस्थ बनाना है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास संयुक्त रूप से अभियान चलाए और बच्चों तथा महिलाओं का स्वास्थ्य कार्ड बनाकर प्रत्येक 15 दिन में जांच भी करें। उन्होंने कहा कि जिले से कुपोषण को दूर करने के साथ पोषण पुनर्वास केंद्रों और स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए पैसे की कोई कमी नहीं है। कलेक्टर ने पोषण पुनर्वास केंद्रों की सुविधाओं को बढ़ाने तथा कुपोषित बच्चों को यहां लाकर पोषण आहार देकर उपचार के निर्देश दिए। कलेक्टर ने इस कार्य में ईमानदारी दिखाने के निर्देश देते हुए कहा कि अभी वजन त्यौहार भी चल रहा है। क्षेत्र के विधायक, जनपद अध्यक्षए सदस्यों, पंच सरपंचों के अलावा अन्य जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित करें और उनका सहयोग लेकर कुपोषण के खिलाफ शुरू किए जा रहे अभियान को सफल बनाए। यह कोई बहुत कठिन कार्य नहीं है। समर्पण और सेवा के साथ कार्य करेंगे तो कुछ दिन में ही जिले से कुपोषण दूर भाग जाएगा।



कलेक्टर ने स्वास्थ्य और महिला बाल विकास विभाग की बैठक लेकर दिए निर्देश

बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्धिकी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर के सिंह, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, सिविल सर्जन डॉ. अनिल जगत, बीएमओं, परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक आदि उपस्थित थे।

### आंगनबाड़ी केंद्रों में गरम भोजन, अण्डा, केला देना प्रारंभ करें

कलेक्टर सिन्हा ने जिले में सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में गरम भोजन देने के निर्देश दिए। उन्होंने गंभीर कुपोषित बच्चों और महिलाओं को विशेष रूप से अतिरिक्त पोषण आहार देने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि गर्भवती और एनीमिक महिलाओं को गरम भोजन के साथ अण्डा या केला दें। कलेक्टर ने महिलाएं एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों, पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया कि आंगनबाड़ी का संचालन समय पर हो। कार्यकर्ताए सहायिका गृह भेंट नियमित करें और बच्चों के साथ अपने आसपास की महिलाओं के संबंध में पूरी जानकारी रखते हुए शासन की योजनाओं का लाभ दिलाए।

### कुपोषण के साथ बच्चों में अन्य बीमारियों की भी करें जांच

*कलेक्टर सिन्हा ने सभी बीएमओं को निर्देशित किया कि कुपोषित बच्चों का हर 15 दिन में स्वास्थ्य जांच करने के साथ ही उनमें किसी प्रकार की बीमारी की भी जांच करें। बीमारी की स्थिति में उनका बेहतर उपचार के लिए आवश्यक प्रबंध किया जाएगा। जिला, राज्य स्तर के अस्पतालों में उपचार कर स्वस्थ बनाया जाएगा। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं का लाभ गरीब वर्गों को मिलना चाहिए। उन्होंने डॉक्टरों को जेनरिक दवाइयां अपने प्रिस्क्रिप्शन में लिखने और धनवंतरी मेडिकल दुकानों से दवाइयां खरीदने मरीजों को प्रोत्याहित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एएनएम द्वारा किए जा रहे स्वास्थ्य जांच की प्रतिशत कम होने, बच्चों का टीकाकरण कम होने और संस्थागत प्रसव की संख्या कम होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी बीएमओं को इसमें सुधार लाने के निर्देश दिए।*

## एक नजर

### बेमेतरा विधायक की पहल पर तांदुला बांध से छोड़ा गया पानी

जोहार छत्तीसगढ़–बेमेतरा।



बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा की पहल पर तांदुला डैम के बेरला क्षेत्र के किसानों के लिए खोल दिए गए हैं ज्ञात हो कि खंड वर्षा तथा अल्प वर्षा से पीड़ित बेरला विकास खंड के किसान पानी की कमी से जूझ रहे थे। जिससे सैकड़ों एकड़ की फसल बर्बाद होने के कगार पर आ चुकी थी विधायक आशीष छाबड़ा ने किसानों की मांगों को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए तत्काल ही जल संसाधन विभाग के तांदुला परियोजना के अधिकारियों से चर्चा की तथा उनसे अविलंब डैम के दरवाजे क्षेत्र के किसानों के लिए खोलने का निर्देश दिया विधायक आशीष छाबड़ा की पहल पर तांदुला डैम से 1500 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है जिससे बेरला विकासखंड के खर्रा तक पानी रात्रि तक पहुंचने की संभावना व्यक्त की जा रही है साथी टेल एरिया के सभी क्षेत्रों में पानी 24 घंटे के अंदर पहुंच जाएगा। जिससे किसान अपनी खरीफफसल को पानी की होने वाली कमी से बचा सकेंगे ज्ञात हो कि मैदानी क्षेत्र होने के कारण बेला क्षेत्र में वर्षा की कमी से फसल बर्बाद होते रही है विधायक आशीष छाबड़ा द्वारा पूर्व में भी किसानों की फसलों को बर्बाद होने से बचाने के लिए तांदुला डैम से पानी दिलवाया जाता रहा है और अब भी एक सजग प्रहरी की भाती, विधायक आशीष छाबड़ा द्वारा अपने सच्चे जनसेवक होने का परिचय क्षेत्र की जनता को दिया गया है। तांदुला डेम से पानी दिए जाने पर क्षेत्र के किसान ने विधायक आशीष छाबड़ा के प्रति आभार व्यक्त किया है जिन्होंने किसानों की गंभीर समस्या को हल करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### हत्या का प्रयास दो के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध

जोहार छत्तीसगढ़–महासमुंद।

दो पहिया वाहन सवार को रोककर पैसों की मांग करने और पैसा ना मिलने पर वाहन सवार को चाकू और डंडे से वार कर घायल करने वाले दो बदमाश युवको के खिलाफ स्थानीय सिटी कोतवाली पुलिस ने ताजी राते हिंद की धारा 307, 34 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। मामले की विवेचना की जा रही है। जिला पुलिस नियंत्रण कक्ष से मिली जानकारी के अनुसार घटना बीते 20 जुलाई की है। काम की तलाश में महासमुंद आया मध्य प्रदेश के रीवा जिला निवासी पंकज मिश्रा 21 साल स्थानीय पंजाबी पारा वार्ड क्रमांक 13 निवासी वकील हैदर खान कादरी के मकान में किराए पर रह रहा है। घटना दिनांक 20 जुलाई की शाम 6 बजे वह अपने मोटरसाइकिल से बाजार की ओर जा रहा था तभी वेडनर मेमोरियल स्कूल पीटियाझर के सामने दो लड़कों ने पंकज मिश्रा को रोका दोनों लड़के अपने हाथों में चाकू और डंडा पकड़े हुए थे। उन्होंने 500 देने की मांग पंकज मिश्रा से की। पंकज ने जब लड़कों से पास में पैसा नहीं होने की बात कही तो, लड़कों ने अश्लील गाली–गलौज करते हुए आज इसे जिंदा नहीं छोड़ेंगे कह कर डंडे और चाकू से पंकज मिश्रा पर वार करना शुरू कर दिया। जिससे पंकज मिश्रा गिर पड़ा और हमलावर दोनों युवक भाग खड़े हुए। मौके पर मौजूद घटना को देख सुन रहे आशीष चंद्राकर और मुत्तु सोनवानी ने पंकज मिश्रा को उठाकर पानी पिलाया फिर उसे एंबुलेंस से सरकारी अस्पताल भेजा गया। यहां पर प्राथमिक उपचार के बाद पंकज मिश्रा को सघन चिकित्सा के लिए मेकाहारा रायपुर रिफर कर दिया गया। 27 जुलाई को मेकाहारा से डिस्चार्ज होने के बाद महासमुंद आकर पंकज मिश्रा ने खुद के ऊपर हमला करने वाले लोगों के बारे में नाम पता मालूम किया और कल 1 अगस्त को सिटी कोतवाली पुलिस में युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जिस पर पुलिस द्वारा धारा 307, 34 के अंतर्गत अपराध कायम किया गया है।

### किसान नेता चैनू साहू को पावर प्लांट के गुर्गों ने जान से मारने की दी धमकी

धमकी देने वालों पर कार्रवाई न हुई तो भाजपा करेगी उग्र आंदोलन

जोहार छत्तीसगढ़–महासमुंद।

तुमगांव क्षेत्र के ग्राम खैरझिटी में प्रस्तावित करणी कृपा पावर प्लांट अधर में अटका हुआ है। क्योंकि अंचल के किसानों मजदूरों और अन्य ग्रामीणों द्वारा उक्त पावर प्लांट का जमकर विरोध किया जा रहा है। ग्रामीण जन पिछले 157 दिनों से लगातार धरना भी दे रहे हैं। पावर प्लांट के गुर्गों ने अब प्लांट विरोधी आंदोलनकारी नेताओं को धमकाना . चमकाना भी चालू कर दिया है। किसानों के आंदोलन में अग्रणी रूप से शामिल किसान नेता चौनूराम साहू को भी उक्त आशय की धमकी मिलने पर तुमगांव पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करा कर आरोपियों के खिलाफसख्त कार्रवाई की मांग की गई है।

## कायाकल्प स्वच्छ अस्पताल योजना अंतर्गत जिले के स्वास्थ्य केन्द्र हुए पुरूस्कृत

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

कायाकल्प स्वच्छ अस्पताल योजना वर्ष 2021–2022 के अंतर्गत रायगढ़ जिले के समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों का मूल्यांकन किया गया एवं इनमें योजना के मापदंड के अनुसार से 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक हासिल करने वाले स्वास्थ्य केन्द्रों को राज्य स्तर से पुरूस्कृत किया गया। कलेक्टर रानू साहू के दिशा–निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ. एस.एन.केशरी के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य केन्द्रों ने अपनी उपलब्धि दर्ज की है। जिसमें जिले की सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर में विकासखण्ड बरमकेला से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ने सबसे अधिक 75 प्रतिशत अंक अर्जित किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर में विकासखण्ड सारंगढ़ से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कनकबीरा 91 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भेड़वन 89 प्रतिशत द्वितीय स्थान, विकासखण्ड लोईंग के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र डुमरपाली 79 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहा। विकासखण्ड धरमजयगढ़ के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्यह्य केन्द्र छाल 77 प्रतिशत, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र किरोड़ीमलनगर 75 प्रतिशत, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बंगुरसिया 71 प्रतिशत, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गोड़म 70 प्रतिशत अंक अर्जित किया।

हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर (उप.स्वा.केंद्र) स्तर पर सारंगढ़ विकासखण्ड से हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर हरदी ने 80 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर लेन्ध्रा ने 75 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं घरघोड़ा विकासखण्ड से हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर छर्रा टांगर ने 71 प्रतिशत अंक हासिल कर तीसरे स्थान पर रहा । वही बरमकेला विकासखण्ड से हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर बड़े नवापारा ने 70 प्रतिशत अंक अर्जित किया जिसके लिये उन्हें सांत्वना पुरूस्कार दिया गया।

उपरोक्त सभी स्वास्थ्य केन्द्रों को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं विकासखण्ड के खण्ड चिकित्सा अधिकारियों के उचित मार्गदर्शन एवं कायाकल्प के मापदण्ड अनुसार जनसामान्य हेतु विधाओं को मध्य नजर रखते हुए जो योगदान दिया गया है वह अत्यंत सराहनीय है जिसके लिये चयनित विकासखण्ड के खण्ड चिकित्सा अधिकारियों एवं अधीनस्थ कर्मचारियों को उच्च अधिकारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ.भावना महलवार तथा स्वास्थ्य विभाग की ओर से बधाईयां एवं शुभकामना दी गई, ताकि संस्था का उचित रख–रखाव करते हुए जनसामान्य को अधिक से अधिक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सके।

## किसान नेता योगेश तिवारी ने कांवरियों की भोजन व्यवस्था एवं पूजा अर्चना कर कांवरियों को किया रवाना

जोहार छत्तीसगढ़–बेमेतरा।



विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खिलोरा से मां मौली कांवड़ यात्रा समिति के तत्वाधान में ग्राम खिलोरा समेत आसपास के गांव के सैकड़ों शिव भक्तों ने कावड़ यात्रा निकाली। ग्राम खिलोरा से कावड़ यात्रा शुरू होकर बेमेतरा जिला मुख्यालय होते हुए भोरमदेव पहुंची। जहां कांवरियों ने पवित्र जल से भगवान शिव का जलाभिषेक किया। गांव से कावड़ यात्रा निकलने के दौरान किसान नेता योगेश तिवारी उपस्थित थे। यहां उन्होंने भगवान शिव की विशेष पूजा अर्चना कर कांवरियों को भोरमदेव के लिए रवाना किया। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के लोगों की खुशहाली व समृद्धि की कामना की। किसान नेता की ओर से कांवरियों के लिए गांव में भोजन की व्यवस्था की गई थी। कांवरिया गाजे बाजे के साथ भगवान शिव के भजनों पर झूमते हुए भोरमदेव के लिए रवाना हुए। इस दौरान भगवान शिव के जयकारा से माहौल शिवमय हो गया। कांवरिये बोल बम का नारा है। बाबा एक सहारा है उद्घोष से कर रहे थे।

## भूपेश सरकार किसानों के साथ भेदभाव की राजनीति कर रही– सांसद गोमती साय

आधे गांव दिवाली, आधे गांव होली को चरितार्थ कर रही भूपेश सरकार

जोहार छत्तीसगढ़–फरसाबहार।



रायगढ़ सांसद गोमती साय ने छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि इस कांग्रेस सरकार ने एक ही जिले के किसानों के साथ भेदभावपूर्ण आदेश जारी करते हुए जशपुर जिले में आधे गांव दिवाली, आधे गांव होली की कहावत को चरितार्थ कर दिया। जशपुर जिले के बगीचा,फरसाबहार एवं मनोरा तहसील के किसानों की भी वही स्तिथि है जो जिले के बाकी तहसीलों के किसानों की है। बगीचाए फरसाबहार एवं मनोरा में बारिश नही हुई है। यहाँ के किसानों की भी फसल सूख गई है। किंतु एक ही जिले के किसानों के साथ यह भूपेश बघेल की कांग्रेसी सरकार भेदभाव करते हुए बगीचा, फरसाबहार एवं मनोरा में सूखे का सर्वे नही करा रही है। बगीचा, मनोरा एवं फरसाबहार के क्षेत्रीय विधायक यंहा के किसानों के लिए आवाज क्यों नहीं उठा रहे हैं। इनके मुंह पर अब ताला क्यों लगा हुआ है। बगीचा, मनोरा एवं फरसाबहार तहसील क्षेत्र के किसानों के साथ ये सौतेला व्यवहार कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भूपेश सरकार अगर शीघ्र ही बगीचा, मनोरा एवं फरसाबहार तहसील में सूखे का सर्वे कराने का आदेश जारी नही करती तो मैं सांसद गोमती साय किसानों के सड़क पर उतर कर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करूंगी।

### रायगढ़ जिले को सूखा प्रभावित घोषित करें सरकार - सांसद गोमती साय

रायगढ़ जिले की सभी तहसीलों में भी सूखा प्रभावित क्षेत्र घोषित करने हेतु सर्वे का आदेश जारी करने का मांग करते हुए रायगढ़ लोकसभा सांसद गोमती साय ने कहा कि रायगढ़ जिले की सभी तहसीलों में भी सूखा प्रभावित क्षेत्र घोषित करने हेतु सर्वे का आदेश जारी किया जाए क्योंकि रायगढ़ जिले में भी बहुत ही कम बारिश हुई है। किसानों के खेत सूख गए है। खेंतो में दरार पड़ गई है। बीज तक के वापसी की कोई उम्मीद नहीं है। ऐसे में प्रदेश सरकार को संवेदनशीलता का आचरण करते हुए किसानों के दर्द को महसूस करते हुए रायगढ़ के किसानों को न्याय भरी राहत देनी चाहिए। रायगढ़ जिले के विधायक गण चुप क्यों है। किसानों के दर्द को अब क्यों महसूस नही कर रहे है। रायगढ़ जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसी विधायक किसानों की आवाज अपने सरकार के मुखिया तक क्यों नही पहुंचा रहे है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार जल्द से जल्द रायगढ़ जिले के किसानों को राहत देने सूखा प्रभावित सर्वे कराए अन्यथा किसानों को न्याय दिलाने सड़क पर जरूर उतरूंगी।

## उप वन मंडल अधिकारी ने परिवार समेत नाग पंचमी पर की विशेष पूजा

जोहार छत्तीसगढ़–कोरिया।



सावन माह के इस पवित्र महीने में हर कोई भोले बाबा को अपने–अपने पूजा पद्धति के आधार पर प्रसन्न कर मन के आधार पर आशीर्वाद पाने की कोशिश कर रहा है सावन माह के इस पवित्र महीने में श्रवण मास के शुक्ल पक्ष की नाग पंचमी के पर्व पर नाग देवता की विशेष पूजा का विधान होता है जिसमें नाग देवता की पूजा करते हुए दूध एवं फल से आराधना की जाती है इसी क्रम में जिला मुख्यालय बैकुंठपुर व्याधिहरण शिव मंदिर फॉरेस्ट कॉलोनी में उप वन मंडल अधिकारी अखिलेश मिश्रा पूरे परिवार के साथ नाग देवता की पूजा की साथ ही सर्प दोष जैसे दोष से मुक्त हेतु पूजा पाठ पूर्ण विधि–विधान से किया इस दौरान मंदिर में क्षेत्र के अन्य लोग भी उपस्थित रहे अखिलेश मिश्रा ने बताया कि नाग पंचमी पर नाग देवता की विशिष्ट पूजा का अपना एक स्थान होता है साथ ही मंदिर की महिमा का बखान करते हुए बताया कि इस मंदिर में विशेष अवसर पर पूजा करने का एक अपना ही फल मिलता है जो कि जीवन को सार्थक और सरल सहज बनाने में मील का पत्थर साबित होता है इस पवित्र माह में और नाग पंचमी के इस पुण्य अवसर पर आज मैं अपने पूरे परिवार के साथ नाग देवता की पूजा आराधना की साथ ही जीवन को सुंदर सरल और सहज बनाने के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया।

## आखिर क्यों करना चाहती कुनकुरी पुलिस नाबालिग का गर्भपात?

पीड़त परिवार पर पुलिस गर्भपात कराने बना रहा दबाव

जोहार छत्तीसगढ़–कुनकुरी।

ये हैं जशपुर जिले का कुनकुरी थाना इसी थाने के ऊपर लगा है गंभीर आरोप, यहां की पुलिस देती है बलात्कारी का साथ, आखिर क्यों बलात्कारी राम कृष्ण यादव शिक्षक को बचाना चाहती है कुनकुरी पुलिस, आदिवासी नाबालिक छात्रा के गर्भ में पल रहा है।




5 माह का बच्चा, आखिर क्यों पीड़ित बच्ची के गर्भ में पल रहे बच्चे को मार देना चाहती है कुनकुरी पुलिस, पीड़ित परिवार को काहे परेशान कर रही है कुनकुरी पुलिस, इन सभी सवालों का जबाव देना होगा कुनकुरी पुलिस को, और भय के आलम में जीने को मजबूर कर दिया है कुनकुरी पुलिस ने पीड़ित परिवार को, आखिर क्यों बलात्कारी के साथ खड़ी दिख रही है कुनकुरी पुलिस। आइये जानते हैं कुनकुरी पुलिस का पूरा मामला, मामला है जशपुर जिले के पोखरा टोली गांव का इस गांव की बच्ची पोखराटोली गांव के प्रायमरी स्कूल में पढ़ने जाया करती थी लेकिन सुबह के समय उस बलात्कारी शिक्षक के घर साफ–सफ ाई, लिपाई का काम करने जाया करती थी, इसी दौरान बलात्कारी शिक्षक इस मासूम को बहला फुसलाकर बच्ची के साथ दुष्कर्म को अंजाम देने लगा काम के दौरान बच्ची को कमरे में ले जाकर शारीरिक संबंध बनाने लगा और बच्ची की इज्जत को तार–तार करने लगा, मगर कुछ माह पश्चात बच्ची की तबियत बिगड़ने लगी इलाज के दौरान पता चला कि बच्ची गर्भवती है जब मां ने बच्ची से दरिंदगी की कहानी सुनी तो पता चला कि बलात्कारी शिक्षक रामकृष्ण यादव ही गुनाहगार है। कुनकुरी पुलिस ने प्रारंभिक जांच में पाया कि रामकृष्ण यादव ही गुनाहगार है तो उसे तुरंत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया लेकिन जेल भेज देने के कुछ माह पश्चात कुनकुरी पुलिस द्वारा पीड़ित परिवार को परेशान करने का मामला सामने आया, पीड़ित परिवार के मुखिया बच्ची के पिता ने कुनकुरी पुलिस के ऊपर आरोप लगाया है कि कुनकुरी पुलिस उसकी बच्ची का गर्भपात कराने के लिए मजबूर कर रही है दबाव बना रही है परिवार के ऊपर की बच्ची का गर्भपात करा दो।

बच्ची के पिता से बात करने के बाद बच्ची का भाई अपने परिवार के ऊपर मुसीबत का पहाड़ टूटने की बात बताने लगा और कुनकुरी पुलिस द्वारा परेशान करने की बात कहने लगा। इस मामले को लेकर जब हमने कुनकुरी थाने के दबंग थानेदार से बात की तो उनका कहना था कि बच्ची की शारीरिक दुर्बलता को देखते हुए हमने समझाइश दी थी मानना न मानना उनका काम है हम लोग द्वारा किसी प्रकार का दबाव नहीं दिया गया है। थाना प्रभारी की बात कही न कही समझ से परे थी कारण हमारे देश में भ्रूण हत्या पर प्रतिबंध है मामले की गंभीरता को देखते हुए हमने जशपुर जिले के पुलिस अधीक्षक डी रविशंकर से बात की उनका क्या कहना है। कि पुलिस गर्भपात नहीं करवा सकता है इसके लिए डॉक्टर और चाइल्ड केयर ही सलह दे सकते हैं। बहरहाल मामला गंभीर है और आरोप भी गंभीर लेकिन एक आदिवासी छात्रा के साथ अनाचार के मामले में जिले के किसी भी आदिवासी नेता ने सुध नहीं ली और न ही रूलिंग पार्टी के नेता ने, और पुलिस का क्या इसलिए आज की तारीख में जशपुर पुलिस को जगह–जगह सभ्य समाज के साथ जुड़ने और जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन पुलिस के कारनामे जनता और पुलिस के बीच दूरी बनाने का काम करती है।

# कराते मास्टर दीपक गुप्ता पर उंगली उठाने वालों ने किया समझौता

## कराते प्रशिक्षण संस्थानों के आपसी प्रतिस्पर्धावश हुआ था शिकायत

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

पिछले दिनों नगर में आयोजित कराते प्रशिक्षण को लेकर उंगली उठाई गई थी। यह प्रशिक्षण शिविर नगर के प्रतिष्ठित कराते मास्टर टारजन भारती द्वारा आयोजित किया गया था।



मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी खेत्रो महानंद कोषाध्यक्ष कराते एसोसिएशन आफ बिलासपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा 23 जुलाई 2022 को थाना उपस्थित होकर लिखित आवेदन पत्र पेश कर अनावेदक दीपक गुप्ता पिता दर्शन गुप्ता उम्र 50 वर्ष निवासी पावर हाउस 25 स्ट्रीट वार्ड 8 नियर कर्मा भवन बाजारपारा सुपेला भिलाई दुर्ग के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराया कि अनावेदक द्वारा गैर मान्यता प्राप्त संस्था के नाम पर कराते खिलाड़ियों से अनाधिकृत रूप से शुल्क वसूल कर फर्जी प्रमाण पत्र दिया जा रहा है। उक्त संबंध में थाना प्रभारी धरमजयगढ़ के द्वारा जांच किया गया और अनावेदक को मान्यता संबंधी कागजात प्रस्तुत करने कहा गया। अनावेदक दीपक गुप्ता द्वारा कागजात प्रस्तुत करने समय मांगा गया। इस बीच प्रकरण में नया मोड़ आ गया और 28 जुलाई 2022 को प्रार्थी खेत्रो महानंद थाना उपस्थित होकर इस आशय का आवेदन पत्र पेश किया कि पूर्व में मेरे द्वारा अनावेदक दीपक गुप्ता के विरोध में दिए गए शिकायत पर कोई कार्यवाही नहीं किया जाए। वह आपसी समझौता के संबंध में आवेदन पेश किया। इसलिए प्रार्थी के द्वारा दिए गए शिकायत पर अग्रिम जांच कार्यवाही ना करते हुए जांच को स्थगित कर आवेदन पत्र फाइल की जाती है। अनावेदक के विरुद्ध में किसी प्रकार का अपराध पंजीबद्ध नहीं है।

## एक नजर

### 7 अगस्त को अंबेटिकरा से किलकिला बोलबम कांवड़ यात्रा

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

सावन मास लगते ही शिवालयों में शिवभक्तों का तांता लग जाता है। शिवभक्त दूर-दूर से कांवड़ यात्रा कर शिवलिंग पर जलाभिषेक करते हैं। वैसे तो वर्ष भर शिवालयों में पूजा अर्चना होती है लेकिन सावन में जलाभिषेक करने का विशेष महत्व बताया जाता है। धरमजयगढ़ से भी शिवभक्त कांवड़ यात्रा कर किलकिला में समापन करते हैं। विगत दो तीन दशकों से अंबेटिकरा की पावन धरा पर कल कल बहती मांड नदी की जल धारण कर शिवभक्त लंबी दूरी तय कर किलकिला शिव मंदिर में जलाभिषेक करते हैं। जो सावन के अंतिम रविवार यात्रा प्रारंभ होती है और सोमवार को सुबह किलकिला में सम्पन्न होती है। हजारों की संख्या में शिवभक्त इस कांवड़ यात्रा में शामिल होते हैं। जिसमें पुरुषों के अलावा बच्चे एवं महिलाएं भी पैदल यात्रा करती हैं। इस वर्ष भी सावन की अंतिम रविवार 7 अगस्त 2022 को प्रातः अंबेटिकरा से कांवड़ यात्रा निकलेगी। यात्रा के लिए दूर दराज से पधारे कांवड़ियों के लिए रात्रि अंबेटिकरा में भोजन व्यवस्था रहती है। बता दें कि यात्रा में अनेक स्थानों पर दानदाताओ द्वारा स्वल्पाहार एवं भंडारे का आयोजन किया जाता है।

### हड़ताल अवधि का वेतन काटने की आदेश प्रति को फेडरेशन ने जलाया

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने शासन द्वारा जारी आदेश की प्रति को जलाकर विरोध जताया। शाम को क्लब प्रांगण धरमजयगढ़ में फेडरेशन ने शासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आदेश के प्रति को आग लगाया। जिससे शासन के खिलाफ उनकी नाराजगी साफ झलक रही थी। बता दें कि अपनी दो सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन चरणबद्ध तरीके से आंदोलन कर रही है। फेडरेशन द्वारा एक दिवस कलमबंद आंदोलन के बाद 25 जुलाई से 29 जुलाई तक पांच दिवसीय आंदोलन किया गया। लेकिन शासन द्वारा मांग पूरी नहीं करने से अब अनिश्चितकालीन हड़ताल की तैयारी की जा रही है। इसी बीच शासन ने हड़ताल में शामिल अधिकारीयों कर्मचारीयों का वेतन काटने का आदेश जारी किया गया है। जिससे फेडरेशन में काफी आक्रोश व्याप्त है। शासन द्वारा जारी आदेश की कापी को आज नारेबाजी करते हुए जलाया गया। वहीं फेडरेशन के पदाधिकारियों ने कहा कि शासन चाहे कुछ भी कर ले। जब तब मांग पूरी नहीं होता तब तक चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करते रहेंगे।

### कार की टक्कर से बोलेरा पलटी,एक की मौत चार घायल

**गरियाबंद** । जिले के राजिम नवापारा से 10 किमी दूर ग्राम डोंगीतराई के पास मंगलवार को एक तेज रफ्तार कार ने बोलेरो को ओव्हरटेक करने के चक्कर में टक्कर मार दी। जिससे बोलेरा हवा में उछलकर पलट गई। इस हादसे में बोलेरो सवार एक की मौत हो गई, वहीं चार लोग घायल हो गए। घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही नवापारा पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नवापारा पहुंचाया।

# गौकशी का मामला आया सामने थाने में हुई लिखित शिकायत

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।




धरमजयगढ़ थाने में गौकशी मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। जिसमें मालिक ने बछड़े को चोरी करने वालों की नामजद शिकायत की है। मामला ग्राम आमापाली की है। आमापाली निवासी शेषचरण शर्मा ने लिखित शिकायत कर कहा है कि वह गाय पालन किया है। जिसकी 3 साल की बछिया को चार पांच दिन पहले बाजार डांड से कोई खेद कर ले गया है। जिसका खोजबीन कर रहा था। तभी सुखराम राठिया ने बताया कि बछिया को आमापाली निवासी राजेंद्र एक्का एवं राजेश एक्का दोनों भाई खेद कर ले जा रहे थे। तब शेषचरण बछिया को खोजने के लिए उनके मोहल्ले तरफ गया था। तभी राजेंद्र एवं राजेश एक्का शेषचरण के घर में आकर धमकी दिए कि तुम्हारे बछिया को हम लोग ले गए हैं। जो करना है कर लेना। तभी खोजबीन में शेषचरण को पता चला कि बछिया को मार कर खा दिए हैं वहीं मांस को बेचे भी हैं। जिस पर शेषचरण ने थाने में आकर लिखित शिकायत दर्ज कराई है। जैसे ही इस घटना की जानकारी हिन्दू संगठनों को हुई है तब से हलचल शुरू हो गई है।

# एनएसयूआई धरमजयगढ़ ने शासकीय महाविद्यालय में लगाया हेल्प डेस्क

## छात्रों को मिल रही भरपूर मदद, छात्रहित में हमेशा तत्पर-अमित आनन्द

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।







एनएसयूआई धरमजयगढ़ के बेनर तले सभी कार्यकर्ता ने महाविद्यालय पहुंच कर हेल्प डेस्क लगाया। जिसमे एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने नए प्रवेश लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं को हर संभव जानकारी उपलब्ध कराने तथा उनकों महाविद्यालय में प्रवेश लेने में किसी प्रकार का समस्या न हो इन सभी बातों को ध्यान रखते उनके मदद के लिए महाविद्यालय में उपस्थित होकर छात्रों का उचित मार्गदर्शन किया। अमित आनन्द एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष ने बताया कि एनएसयूआई लगातार छात्र छात्रों की मदद के लिए तत्पर रहेंगे छात्रों को किसी प्रकार का समस्या ना हो इसके लिए एनएसयूआई लगातार महाविद्यालय में कई वर्षों से काम कर रही है। आने वाले समय में भी ऐसे ही छात्र हित के काम करती रहेगी। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य रूप के ब्लॉक अध्यक्ष अमित आनंद, प्रतीक मल्लिक, गजानद पटेल, संजय पटेल, सुजाता साहू, पिंटू मंडल, जनक राम यादव, दयानिधि यादव एवं अन्य कार्यकर्ता मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को दिया अंजाम, नगदी सहित लाखों का सामान ले गए चोर

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।





रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बरतापाली गांव में बीते कल शाम करीब 5 बजे 3 अज्ञात चोरों द्वारा घर के सूनेपन का फायदा उठाकर आलमारी में रखे जेवर व नकदी 30 हजार रुपए लेकर फरार हो गए। पीड़ित की सूचना पर फिलहाल धरमजयगढ़ पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे कार्यवाई कर रही है। धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के बरतापाली गांव निवासी पीड़ित चैतराम के अनुसार बीते कल शाम करीब 5 बजे के बीच घर के पास दो बाइक में सवार 3 अज्ञात युवक आ धमके जिन्हें मोहल्ले में कहीं मेहमानी आये हैं यह समझकर नजर अंदाज कर दिया गया। लेकिन बता दें इसी सुनेपन का फायदा उठाकर अज्ञात चोर पल भर में ही घर के अंदर आलमारी में रखे जेवर व नकदी रुपए पर हाथ साफ कर गए। बताया जा रहा है यह घटना क्रम मिनटों भर के भीतर हो गया। अज्ञात चोर आलमारी का ताला तोड़कर रुपए एवं जेवर लेकर चंपत हो गए पीड़ित के अनुसार आलमारी में रखे जेवर व नकद रुपए मिलाकर लाखों की चोरी हुई है बहरहाल धरमजयगढ़ पुलिस घटना की सूचना पर आगे जांच पड़ताल व पतासाजी में जुट गई है।

# रामदास द्रौपदी फाउंडेशन द्वारा किया गया नगर के वार्ड नंबर 20 में पौध वितरण

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



रामदास द्रौपदी फाउंडेशन द्वारा संचालित पर्यावरण संरक्षण रथ के माध्यम से वार्ड संख्या 20 में पौध वितरण कार्यक्रम किया गया, जिसमें वार्ड पार्षद प्रभात साहू की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही। गत दिनों वार्ड संख्या 20 के पार्षद प्रभात साहू, संजय यादव एवं शनि मंदिर के पुजारी के सहयोग से शनि मंदिर, सम्मलेश्वरी मंदिर सहित वार्ड संख्या 20 के कई अन्य स्थानों पर रामदास द्रौपदी फाउंडेशन के पर्यावरण संरक्षण रथ द्वारा पौध वितरण किया गया। इस मुहिम पर अपने विचार रखते हुए वार्ड पार्षद प्रभात साहू ने कहा कि पर्यावरण के असंतुलन से उत्पन्न हुई समस्याएं वैश्विक समस्याएं है और आज पूरे विश्व में मानव जाति पर इसका प्रभाव भी दिखने लगा है। जिसके परिणाम स्वरूप हमें पूरे विश्व में देखने को मिल रहा है कि जो ठंडे देश थे। उनका तापमान 40 डिग्री तक चला गया है, जो कि प्रकृति द्वारा मानव जाति के लिए दिया जाने वाला सीधा संदेश है कि हमें आगे आकर प्रकृति के पारिस्थितिक तंत्र को सुरक्षित करने के दिशा में कार्य करना पड़ेगा, अन्यथा यदि प्रकृति ने अपने पारिस्थितिक तंत्र को स्वयं ठीक करना आरम्भ किया, तो बहुत बड़े पैमाने पर धन और जन हानि हो सकती है। इसलिए रामदास द्रौपदी फाउंडेशन द्वारा इस दिशा में चलायी जाने वाली मुहिम की मुक्त कंठ से प्रशंसा होनी चाहिए। इस प्रयास की खास बात यह है कि लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी बढ़ रही है और लोग अपने आवश्यकता के अनुरूप पौधे लेकर रोपित भी कर रहे हैं। ऐसे प्रयासों में लोगों की भागीदारी जितनी अधिक बढ़ेगी उतने बड़े पैमाने पर हम पर्यावरण को संरक्षित कर पाने में सफल रहेंगे। उक्त कार्यक्रम का संयोजन रामदास द्रौपदी फाउंडेशन की ओर से रामनंदन यादव द्वारा किया गया।

# बुजुर्ग ग्रामीण को करैत सांप ने कांटा, झाड़ फूंक कर गवाया जान

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



धरमजयगढ़ क्षेत्र के पंडरी महुआ गांव में जमीन में सोते वक्त एक ग्रामीण को अति विशैला बेलिया करैत सांप ने डस लिया, लेकिन झाड़ फूंक में समय गंवाने की वजह से वृद्ध के पूरे शरीर में सांप का जहर फैल गया और फिर धरमजयगढ अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रणमत राठिया उम्र करीब 55 वर्ष रात में लगभग 3 बजे जब वह जमीन में सोया हुआ था उसी वक्त अति जहरीला कैरेत सांप जिसे बेलिया कैरेत कहा जाता है कहीं से घर के अंदर घुस आया और वृद्ध के सिने के पास को काट लिया जैसे ही उसे सांप काटने का आभास हुआ तो देखा सांप जमीन में रेंग रहा था बताया जा रहा है जिसे वह क्रोधित होकर डंडे से मारकर खत्म कर दिया। जिसके बाद परिजनों द्वारा पास के एक बैगा से उसकी झाड़ फूक कराने लगे बता दें, इस दौरान करीब दो घंटे का समय बीत गया और उसके स्वास्थ्य में कोई सुधार नही आया तो उसे इलाज के लिए हॉस्पिटल लेकर पहुंच गए किंतु डॉक्टरों की माने तो तब तक शायद समय निकल चुका था वृद्ध के शरीर मे सांप के जहर का असर पूरी तरह से हो चुका था लिहाजा उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। फिलहाल अस्पताल की तहरीर पर धरमजयगढ़ पुलिस मर्ग कायम कर आगे की कार्यवाई में जुट गई है। आखिर यह कहना शायद गलत नहीं होगा। कि शासन-प्रशासन द्वारा खासकर सर्पदंश के मामलों में बीहड़ ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता को लेकर किए जा रहे तमाम दावे कहीं न कहीं जमीनी स्तर पे फेल नजर आ रहे है।

हर घर तिरंगा अभियान

# कलेक्टर सहित अधिकारियों ने खरीदे स्व-सहायता समूहों सें निर्मित झण्डे

## कलेक्ट्रेट में खुला स्टॉल, कलेक्टर ने महिलाओं को किया प्रोत्साहित

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीरचांपा।



जिले के हर घर में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा आन बान और शान से लहराएगा। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में जिले को तिरंगा से सजाने की तैयारियां चल रही है। हर घर झंडा अभियान को सफल बनाने के लिए जिले से स्व.सहायता समूह की दीदियां झण्डा तैयार करने के साथ विक्रय करने में लगी है। कलेक्ट्रेट में आज समूह की महिलाओं ने झण्डे के विक्रय के लिए अपनी स्टॉल लगाई। इस स्टॉल से कलेक्टर सहित अधिकारी-कर्मचारियों ने झंडा खरीदा और स्व.सहायता समूह की महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए उनके कार्यों की सराहना की। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों व आम नागरिकों से हर घर में तिरंगा लगाए जाने की अपील की। हर घर तिरंगा अभियान 11 से 17 अगस्त तक चलाया जाएगा। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि समूह की महिलाओं द्वारा तिरंगा झंडा तैयार किया जा रहा है। तिरंगा हमारी पहचान है। इसकी प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए 11 से 17 अगस्त तक विशेष रूप से घर-घर में तिरंगा झंडा अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि शासकीय निजी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, अर्धशासकीय कार्यालयों, व्यावसायिक, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, गैर सरकारी संगठनों के कार्यालयों में तिरंगा झंडा फहराया जाएगा। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम ने बताया कि जिले में हर घर तिरंगा अभियान के तहत स्व सहायता समूहों के माध्यम से झंडा तैयार कराया जा रहा है। जिसे जिला एवं जनपद पंचायत सहित ग्राम पंचायतों में स्टॉल लगाकर विक्रय कराया जाएगा।




### कलेक्ट्रेट में सभी के लिए खुला झंडे का स्टॉल

कलेक्टोरेट में नवागढ़ विकासखण्ड ग्राम पंचायत खोखरा की आराधना स्व सहायता समूह, राधाकृष्ण स्व सहायता, सागर एवं दिव्या स्व सहायता समूह की द्वारा तैयार तिरंगा झंडे का स्टाल लगाया गया। स्टॉल में विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, आम नागरिकों के लिए खुला है। कलेक्टर सभी से अपील करते हुए कहा है कि स्वसहायता समूहों द्वारा निर्मित तिरंगा झंडा कार्यालय में आकर क्रय कर सकते हैं। स्टॉल से तिरंगा सिविल सर्जन डॉ अनिल जगत, उपसंचालक पंचायत अभिमन्यु साहू,जांजगीर जिला शिक्षा अधिकारी कुमुदनी द्विवेदी, पीआर महदेवा, एके यादव,जेपी पटेल, आनंद शर्मा, दीपक साहूए श्री राजेन्द्र सिंह टेकाम सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारियों ने क्रेय किया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in